तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 23.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



ज्वाली नाला के ऊपर बनी सड़क पर अवैध दुकान और पार्किंग।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 15 को

**बिलासपुर।** जिला पंचायत में अगली सामान्य सभा 15 अक्टूबर को होने वाली है। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल द्वारा सामान्य सभा के संबंध में सूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही सामान्य सभा का एजेंडा भी जारी हो गया है। जिला पंचायत की सामान्य सभा 15 अक्टूबर के दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी, जिसमें पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन के अलावा लोक निर्माण विभाग अंतर्गत निर्माण कार्यों की जानकारी एवं समीक्षा की जाएगी। इसी तरह खनिज विभाग अंतर्गत कार्यों की जानकारी, जल संसाधन विभाग अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा तथा सहकारिता विभाग अंतर्गत धान खरीदी की जानकारी एवं समाज कल्याण एवं जिला पुनर्वास विभाग की जानकारी के साथ ही कृषि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत कार्यों की जानकारी एवं समीक्षा की जाएगी।

### आनापान ध्यान अभ्यास विपश्यना शिविर आज

**बिलासपुर।** बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों व मीडिया से जुड़े लोगों के लिए 8 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आनापान ध्यान के व्यवहारिक अभ्यास से लाभांवित करने एवं विपश्यना ध्यान के विविध आयामों से परिचित कराने के लिए प्रेस क्लब सभागार कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसका संचालन आचार्य सीताराम साहू करेंगे। वे पत्रकारों को विपश्यना ध्यान के प्रथम सोपान आनापान ध्यान का अभ्यास करवाएंगे। साथ ही वयस्कों के लिए दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर, 8 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए बाल आनापान ध्यान शिविर एवं 15 से 19 वर्ष के किशोरों-किशोरियों के लिए विपश्यना ध्यान शिविर की जानकारी देंगे। यह जानकारी प्रेस क्लब बिलासपुर के अध्यक्ष दिलीप यादव ने दी।

### मेंटनेंस के लिए आज यहां रहेगी बिजली बंद

**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा शेड्यूल मेंटनेंस किया जा रहा है। इस दौरान सुबह 10.30 से दोपहर 2.30 बजे तक बिजली बंद रहेगी। बुधवार को अग्रसेन चौक, सीएमडी चौक, करबला रोड फीडर में मेंटनेंस कार्य किया जाएगा। इस दौरान लिंकरोड जोन के आरटीओ सबस्टेशन से सीएमडी कालेज, राजीव प्लाजा, विद्यानगर, जिला हास्पिटल, श्रीराम मार्केट में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। विजयपुरम कालोनी व आसपास में बिजली सप्लाई ठप रहेगी। वहीं तोरवा जोन के धान मंडी रोड, पटेल पारा, तोरवा बस्ती, सांई धाम, वैशाली रेजेंसी, विवेकानंद नगर, सिरगिट्टी जोन के धूमा व आसपास के क्षेत्र की बिजली सप्लाई करीब 4 घंटें तक बंद रहेगी।

### पर्यावरण संरक्षण मंडल ने सौंपी रिपोर्ट

**बिलासपुर।** डिस्टलरी के गंदे पानी से प्रदूषण के मामले में पर्यावरण संरक्षण मंडल ने अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट में सौंप दी है। इसमें बताया गया है कि परीक्षण के बाद पानी की क्वालिटी अच्छी मिली है। हाईकोर्ट ने लगातार मानिटरिंग करने के निर्देश देते हुए दिसंबर में सुनवाई रखी है। इस मामले की हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने बताया कि बोर्ड ने नदी के पानी की जांच कराई। इसमें पानी की गुणवत्ता पहले की अपेक्षा सुधरी है। इस पर कोर्ट ने कहा कि नदी के पानी में प्रदूषण रोकने के लिए विभाग लगातार कार्रवाई और मॉनिटरिंग करे। बता दें कि शराब डिस्टलरी का प्रदूषित पानी और केमिकल नदी में छोड़ने से कई गांवों में पानी में प्रदूषण हो गया था। मामले में मुख्य सचिव, आबकारी विभाग, पर्यावरण विभाग और अन्य को पक्षकार बनाया गया है।

# कर्ज होने पर इकलौते बेटे ने अपने ही अपहरण की कहानी बनाकर पिता से मांगी थी 10 लाख रुपए की फिरौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिता को फोन कर स्वयं के अपहरण होने व स्वयं के बैंक खाते में फिरौती की रकम 10 लाख रुपए जमा करने की बात करने पर पहले ही दिन से पुलिस को फर्जी अपहरणकांड की आशंका थी। आखिर आशंका सही साबित हुई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर गौरेला रेलवे स्टेशन से युवक को बरामद कर लिया है। पूछताछ में उसने मोबाइल एप से लोन व दोस्तों से 3 लाख रुपए कर्ज होने पर अपने ही अपहरण होने की झूठी कहानी बताकर अपने पिता से 10 लाख रुपए फिरौती मांगना स्वीकार कर लिया है। जशपुर देहराखार नायणपुर निवासी संजय कुमार यादव पिता बालेश्वर यादव 29 साल पिछले 10 साल से बिलासपुर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा है। उसने एमएससी की है। वर्तमान में वह कस्तूरबानगर में कोरबा की एक युवती के साथ लिवइन में रह रहा था। 1 अक्टूबर को उसने। अपने पिता को फोन कर बताया वह बिलासपुर से घर आ रहा है। देर रात तक वह घर नहीं पहुंचने व फोन नहीं लगने पर दूसरे दिन पिता बालेश्वर यादव खोजते हुए बिलासपुर आ गए। मकान में ताला लगा मिला और मोबाइल बंद आ रहा था। उसके बाद संजय कुमार यादव अपने पिता को फोन कर 8 से 10 लोगों के द्वारा अपहरण कर लेने व 10 लाख रुपए फिरौती मांगने व पैसा अपने बैंक खाते में जमा करने की बात कहने लगा। ऐसा उसने कई बार फोन कर कहा और मोबाइल बंद कर लेता था। पुलिस को पहले से ही अपहरणकांड फर्जी होने की आशंका थी। किन्तु सीएम हाउस से फोन आने पर पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए युवक की सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई थी। सोमवार को युवक के मोबाइल का लोकेशन कटनी में मिला। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के निर्देश पर पुलिसकर्मी सड़क मार्ग से कटनी जा रहे थे। शहडोल के पास युवक के मोबाइल का लोकेशन गौरेला रेलवे स्टेशन बताने लगा। तत्काल पुलिस टीम गौरेला के लिए रवाना हो गई। गौरेला रेलवे स्टेशन में पुलिस टीम ने दबिश लापता संजय कुमार यादव को बरामद कर लिया। उसके बाद पुलिस टीम ने राहत की सांस ली।

### मोबाइल एप में लोन व दोस्तों से लिया था 3 लाख रुपए उधार

- मोबाइल लोकेशन पर पुलिस ने गौरेला रेलवे स्टेशन से युवक को पकड़ा
- गर्लफेंड व सूखे नशे में उड़ा रहा था मोटी रकम
- सिविल लाइन पुलिस को मिली सफलता





जशपुर के युवक का शहर में अपहरण, पिता से 10 लाख रुपए फिरौती की मांग

हरिभूमि में 6 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

### मोबाइल एप में लोन दोस्तों से लिया था कर्ज

विवेचक एसआई श्री कुर्रे ने बताया, संजय यादव माता पिता का इकलौता बेटा है और उसकी चार बहने हैं। वह शहर में किराए के मकान में रहकर कोरबा के गर्लफ्रेंड के साथ लिवइन में रह रहा था। इसके अलावा सूखा नशा करने का आदी हो गया था। पूर्व में कर्ज होने पर अपने किसान पिता से 2.50 लाख रुपए लिया था। उसके बाद भी वह मोबाइल एप से लोन व दोस्तों से करीब 2.50 से 3 लाख रुपए कर्जा लेकर गर्लफ्रेंड व नशा में खर्च चुका था। पहले पिता से आसानी से मोटी रकम दे देने पर कर्जा की रकम पटाने के लिए उसने योजना बनाकर अपनी झूठी अपहरण की कहानी बनाई और अपने पिता से 10 लाख रुपए की फिरौती मांग रहा था।

### आज होगा कोर्ट में बयान

पुलिस के अनुसार, संजय यादव से पूछताछ कर उसका बयान दर्ज किया जा रहा है। बुधवार को उसे कोर्ट में पेश कर उसका बयान दर्ज कराया जाएगा। उसके बाद आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

केन्द्रीय विश्वविद्यालय में चल रहा आगे पाठ, पीछे सपाट

# सीयू में सेल्फ फाइनेंस के छह कोर्स में से तीन को नहीं मिले स्टूडेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सेल्फ फायनेंस तहत प्रशिक्षुता आधारित 6 डिग्री कोर्सेस इसी सत्र से शुरू किए गए थे। लेकिन इन नए कोर्सेस में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थी ही नहीं मिले हैं और दो कोर्स में तो एक भी स्टूडेंटस नहीं आए हैं। इसलिए ये नए कोर्स पहले ही साल बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं और यूनिवर्सिटी इन नए कोर्सेस को बंद करने पर विचार कर रही है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रशिक्षुता आधारित 6 नए डिग्री कोर्सेस इस सत्र से शुरू किए गए हैं। इन नए कोर्सेस में बिजनेस आपरेशंस में बीकॉम, मेक्ट्रोनिक्स में बीएससी, इलेक्ट्रानिक मीडिया एंड फिल्म मेकिंग में बीए, रिटेल मैनेजमेंट में बीबीए, कंप्यूटर साइंस में बीएससी, परफॉमिंग आर्टस में बीए कोर्स शामिल हैं। ये नए कोर्स सेल्फ फायनेंस अंतर्गत इसी शैक्षणिक सत्र में चालू किए गए हैं। इन नए



तीन कोर्स बंद होने की कगार पर

कोर्स में एडमिशन के लिए 18 जुलाई से आफलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई थी और 14 अगस्त तक आवेदन जमा कराए गए थे। इसमें बारहवीं मेरिट के आधार सीधे एडमिशन दिया जाना था। ये सभी नए कोर्स स्नातक स्तर के पाठयक्रम हैं, जिसमें बिजनेस ऑपरेशंस में बीकॉम, मेक्ट्रोनिक्स में बीएससी, इलेक्ट्रानिक्स मीडिया एंड फिल्म मेकिंग में बीए, रिटेल मैनेजमेंट में बीबीए, कंप्यूटर साइंस में बीएससी, परफार्मिंग आर्टस लोक और आधुनिक थिएटर में बीए कोर्स शुरू किया गया है।

इन सभी कोर्स में करीब 30-30 सीटें निर्धारित है। लेकिन ये नए कोर्सेस पहले ही साल बंद होने की स्थिति में पहुंच गई है, क्योंकि सेंट्रल यूनिवर्सिटी को इन नए कोर्सेस में पढ़ने वाले स्टूडेंटस ही नहीं मिले हैं। 6 में से दो कोर्स में तो एक भी स्टूडेंटस नहीं मिले हैं, जबकि एक कोर्स में केवल एक स्टूडेंट एडमिशन लिया है। बाकी तीन कोर्स की स्थिति भी ठीक नहीं है और उनमें गिनती मात्र के स्टूडेंटस एडमिशन लिए हैं और पूरी सीटें खाली रह गई है।

### बंद करने पर अभी फैसला नहीं

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सेल्फ फायनेंस अंतर्गत इस सत्र से 6 नए डिग्री कोर्सेस चालू किए गए थे। लेकिन उनमें से कुछ कोर्स में आवेदन ज्यादा नहीं आए और प्रवेश ठीकठाक नहीं हुआ है। ये स्किल डव्हलपमेंट को बढ़ावा देने वाले कोर्स हैं जिनमें आधा पढ़ाई यूनिवर्सिटी में करना है और आधा इण्डस्ट्रीज में जाकर इंटर्नशिप करना है। इन नए कोर्स को बंद करना है कि नहीं अभी निर्णय होना है।

**- प्रो. मनीष श्रीवास्तव,** मीडिया प्रभारी, सीयू

### स्टूडेंट्स के लिए इण्डस्ट्रीज में अप्रेंटिशिप

सेल्फ फायनेंस तहत खोले गए ये सभी नए कोर्स प्रशिक्षुता आधारित हैं। मतलब यूनिवर्सिटी में क्लास अटेंड कर पढ़ने के अलावा स्टूडेंटस को इण्डस्ट्रीज में अप्रेंटिशिप भी करना है। एक सेमेस्टर की पढ़ाई यूनिवर्सिटी में होगी और दूसरा सेमेस्टर इण्डस्ट्री में जाकर अप्रेंटिशिप करना होगा। स्टूडेंटस को इण्डस्ट्रीज में अप्रेंटिशिप कराने यूनिवर्सिटी को इण्डस्ट्रीज से एमओयू भी करना होगा। इण्डस्ट्री में अप्रेंटिशिप करना इन पाठयक्रमों के पढ़ाई का हिस्सा है। इसलिए यह सामान्यत तौर पर जो कोर्सेस हैं उनसे इन कोर्सेस की पढ़ाई थोड़ी अलग है। लेकिन इन नए कोर्सेस में स्टूडेंटस ने दिलचस्पी नहीं दिखाया है या फिर नए कोर्स को स्टूडेंटस ठीक तरह से समझ नहीं पाएं हैं।

### यह है प्रवेश का आंकड़ा

नए कोर्सेस में बिजनेस आपरेशंस बीकॉम में केवल 10 आवेदन आए थे, जिनमें से केवल 01 स्टूडेंट एडमिशन लिया है। मेक्ट्रोनिक्स बीएससी में 11 आवेदन आए थे और केवल 04 स्टूडेंटस एडमिशन लिए हैं। बीए इलेक्ट्रानिक मीडिया एंड फिल्म मेकिंग में केवल एक आवेदन आया था और एडमिशन शून्य है। बीबीए रिटेल मैनेजमेंट में 24 सर्वाधिक 24 आवेदन आए थे और सबसे अधिक 17 स्टूडेंटस ने एडमिशन लिया है जबकि बीएससी कंप्यूटर साइंस में 19 आवेदन आए थे और मात्र 09 स्टूडेंटस ने एडमिशन लिया। इसी तरह बीए परफॉमिंग आर्टस कोर्स के लिए केवल पांच आवेदन आए थे, किन्तु एडमिशन शून्य मतलब एक ने भी एडमिशन नहीं लिया है।

40 लाख का फर्जी मेडिकल बिल निकालने का मामला

# संकुल समन्वयक सस्पेंड एफआईआर भी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा ब्लाक में फर्जी मेडिकल बिल के आधार पर 40 लाख रुपए निकालने के मामले में शिक्षा विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर आरपी आदित्य ने बिल्हा ब्लाक में पदस्थ शिक्षक और संकुल समन्वयक साधे लाल पटेल को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही राशि गबन के मामले में शिक्षक के खिलाफ एफआईआर भी कराई जाएगी। जेडी ने इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखते हुए अनुशंसित भी किया है। यह पूरी कार्रवाई जांच कमेटी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर की गई है। जांच तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिल्हा पर भी नियमानुसार कार्यवाही करने की अनुशंसा की गई है। बीईओ आफिस के कर्मचारियों को भी दोषी माना गया है। साथ ही संबंधितों से 6 लाख 74 हजार 70 रुपए वसूली करने भी कहा है। ज्वाइंट डायरेक्टर के मुताबिक सभी पर कार्रवाई होगी।

- बिल्हा ब्लाक के संकुल समन्वयक साधेलाल पटेल का कारनामा, जांच टीम ने बिल्हा बीईओ को भी दोषी माना

बिल्हा ब्लॉक में पदस्थ और संकुल समन्वयक शिक्षक साधे लाल पटेल ने अपने और परिजनों के नाम पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिल्हा में 40 लाख का फर्जी मेडिकल बिल जमा किया। फर्जी मेडिकल बिल को विभाग ने राज्य कार्यालय को फारवर्ड कर राशि भी मंगा ली। कुछ राशि का भुगतान होता इसके पहले ही शिकायत हो गई और कुछ बिल को रोक दिया गया। मामले में जांच कमेटी बनाई गई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से बिल जारी करने की पुष्टि की गई। जांच के दौरान में श्रीमती शिल्पा शर्मा (कार्या सहा ग्रेड 3 वि.खं.शि.अधि. बिल्हा) की ओर से कहा गया है कि साधेलाल पटेल (शिक्षक संकुल समन्वयक) द्वारा भुगतान हेतु जिला कोषालय बिलासपुर प्रेषित किए जाने हेतु काफी दबाव डाला गया। सभी देयक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिल्हा द्वारा स्वीकृत तो किए गए लेकिन भुगतान हेतु कोषालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है। हरिभूमि ने इस बारे में लगातार खबर प्रकाशित की।



स्वास्थ्य विभाग की फर्जी सील और साइन, मृत साले का मेडिकल बिल बनवा लिया

हरिभूमि में 12 सितंबर को प्रकाशित खबर।

- जांच प्रतिवेदन में 6 लाख 74 हजार की वसूली करने कहा गया

### स्वास्थ्य विभाग ने की एफआईआर की अनुशंसा

जांच में बात सामने आई है कि इस तरह का कोई बिल स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी ही नहीं किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मामले में एफआईआर की की अनुशंसा भी की थी लेकिन शिक्षा विभाग के आला अधिकारी इस चहेते को बचाने में लगे रहे। स्वास्थ्य विभाग ने अपने प्रतिवेदन में कहा है कि एक भी बिल जारी नहीं किया गया है और किसी में हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। सभी कूटरचित और फर्जी दस्तावेज हैं जिसमें फर्जी स्टांप और साइन किए गए हैं। खास बात है कि आरोपी शिक्षक ने इस बार अपने और अपनी पत्नी, अपने साले (एक जीवित, एक मृत) के नाम पर बिल लगाकर पूरा खेल खेला है।

### सभी बिलों को एडिट कर बढ़ाकर नया बनाया गया

जांच में बात सामने आई कि इन सभी बिलों को एडिट किया गया और बढ़ाकर नया बनाया गया और शिक्षा विभाग में पेश किया गया। इसी प्रकार एक बिल स्व नरेंद्र कुमार चौधरी के नाम से 5 लाख 33 हजार 123 रुपए का प्रस्तुत किया गया है। यह बिल जिला चिकित्सालय से 18 जनवरी 2022 को पास किया जाना बताया गया है, जबकि मूल रूप से यह बिल 32 हजार रुपए का है। इसके साथ ही राजकुमारी पटेल के नाम से 7 लाख 32 हजार 841 रुपए का फर्जी बिल प्रस्तुत किया गया है। यह बिल भी जिला अस्पताल ने जारी नहीं किया है।

### शिक्षक के खिलाफ कराई जाएगी एफआईआर

इस मामले में दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया था। जांच कमेटी में हायर सेकेंडरी स्कूल बैमा नगाई के प्राचार्य एसके कश्यप व हायर सेकेंडरी स्कूल सरकंडा के लिपिक घनश्याम दुबे शामिल थे। जांच रिपोर्ट के साथ ही स्वास्थ्य विभाग का भी प्रतिवेदन मिल गया है। जांच प्रतिवेदन के आधार संकुल समन्वयक साधे लाल पटेल को निलंबित कर दिया है। साथ ही राशि गबन के मामले में शिक्षक के खिलाफ एफआईआर भी कराई जाएगी।

- आरपी आदित्य, ज्वाइंट डायरेक्टर

### जिस वक्त बीमार बताया, उस वक्त ड्यूटी पर था

जांच में यह बात भी सामने आई है कि शिक्षक ने जिस वक्त अपने आपको बीमार बताकर इलाज का बिल पेश किया है उस वक्त ड्यूटी में भी उपस्थित था। शिकायत के अनुसार साधे लाल पटेल ने 29 अगस्त 2024 को जिला चिकित्सालय से स्वीकृत बिल कार्यालय में प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार 77,564 रुपए की राशि उसके द्वारा इलाज पर खर्च की गई है, जिस बिल को लेकिन शिक्षक साधेलाल पटेल ने जमा किया है, वह बिल मूल रूप से शिक्षक असीम वर्मा का है, जिसको कूटरचित कर प्रस्तुत किया गया है। इसी प्रकार अपने परिचित उमाशंकर चौधरी का 27 अगस्त 2024 को 5 लाख 42 हजार 535 रुपए का बिल प्रस्तुत किया है जो की मूल रूप से असीम वर्मा का है और कुल बिल एक लाख 43,000 रुपए का ही है। इसी तारीख को स्वीकृत एक और बिल राजकुमारी पटेल का है जो 4 लाख 3 हजार 327 रुपए का है जबकि मूल रूप से यह बिल 47 हजार का है।

# फ्लैट बेचने का झांसा देकर 19 लाख की ठगी, दूसरे को बेचा

**बिलासपुर।** सिविल लाइन क्षेत्र के व्यापार विहार स्थित श्रीराम टावर के फ्लैट को बेचने का झांसा देकर 19 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी दंपती ने रुपये लेने के बाद भी फ्लैट को दूसरे को बेच दिया। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने सिविल लाइन थाने में शिकायत की है। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

भारतीय नगर में रहने वाली बोगी उमा देवी(46) ने बताया कि जगन्नाथपुरम में रहने वाले श्रृष्टि चंद्र वर्मा और उसके पति चंद्रप्रकाश वर्मा के नाम पर व्यापार विहार स्थित श्रीराम टावर




में फ्लैट था। इसे दोनों बेचना चाहते थे। इसकी जानकारी होने पर महिला ने उनसे संपर्क किया। फ्लैट पसंद आने पर उन्होंने 20 लाख रुपये में खरीदने का सौदा तय कर लिया। बयाना के तौर पर उन्होंने 11 लाख रुपये चेक के माध्यम से श्रृष्टि और उसके पति को दिए। बाद में उन्होंने पांच लाख रुपये और दिए। इसके बाद तीन लाख नकद दिए। शेष रकम रजिस्ट्री के समय देने की बात हुई थी। रुपये मिलने के बाद पति-पत्नी रजिस्ट्री के लिए टालमटोल करने लगे। बाद में उन्होंने फ्लैट किसी दूसरी महिला के पास बेच दिया। इसकी जानकारी होने पर महिला ने उनसे अपने रुपये वापस मांगे। तब वह रुपये भी वापस करने इन्कार करने लगा। महिला ने मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में की। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। इस बीच पति-पत्नी फरार हो गए है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

विभाग व अधिकारी का अता पता नहीं, सिर्फ फाइनेंस ऑफिसर और रजिस्ट्रार लिखा है, संस्था द्वारा 45 लाख रुपए से अधिक के फर्नीचर की खरीदी कर ली गई

# जैम पोर्टल खरीदी में नया कारनामा, सप्लाई करने वाले का नाम तो दर्ज लेकिन खरीदने वाले कौन हैं पता ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

खरीदी बिक्री नियमों की अवहेलना के साथ ही जैम पोर्टल के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए बिलासपुर में एक संस्था द्वारा 45 लाख रुपए से अधिक की फर्नीचर की खरीदी कर ली गई है। इस खरीदी बिक्री में खास बात है कि इसमें विभाग और अधिकारी का अता पता नहीं नहीं है। खरीदने वाले के नाम पर बस फाइनेंस ऑफिसर लिख दिया गया है। वित्तीय स्वीकृति देने वाले की जगह रजिस्ट्रार लिखा है। यह दोनों अधिकारी किस संस्था या विभाग के हैं पूरी खरीदी बिक्री में कहीं कुछ नहीं लिखा है। यही नहीं जांजगीर चांपा जिले के बनारी गांव के एक छोटे से स्टार्टअप कंपनी से पूरी खरीदी की गई है। पूरी खरीदी बिक्री में यह कहीं भी नहीं दर्शाया गया है की खरीदी कहां और किस चीज के लिए हो रही है। सबसे बड़ी बात कि छग के बड़े शहरों और बड़ी कंपनियों को छोड़कर जांजगीर के एक गांव से इस तरह की खरीदी सवालों के घेरे में है।

जैम पोर्टल पर गड़बड़ी नहीं होने के लाख दावे के बीच नए-नए किस्से और कारनामे सामने आते जा रहे हैं। ताजा मामला भी ऐसा ही है। हरिभूमि के पास उपलब्ध दस्तावेजों पर नजर डालें तो इस फर्नीचर की खरीदी लिए जैम पोर्टल पर विज्ञापन जारी किया। जांजगीर की इस कंपनी ने 45 लाख का सामान किस जगह पर सप्लाई की है उसकी कोई जानकारी किसी के पास नहीं है। टेबल, कुर्सी के साथ ही सोफा सेट और आलमारी की खरीदी की गई है। खास बात है कि सारी खरीदी एक ही टेंडर में की जा सकती थी लेकिन इसके लिए 20 अलग अलग टेंडर जारी हुए। रिवर्स बीडिंग नियम से बचने के लिए 25 लाख की खरीदी एक साथ नहीं की गई और 2 लाख से लेकर 4 लाख तक के आर्डर दिए गए। सभी टेंडर दो ही दिन 15 अप्रैल और 19 अप्रैल को जारी किए गए और अनुबंध किया गया जबकि नियमों के मुताबिक तीन अलग-अलग कंपनियों से निविदा मंगाई जानी थी।

### आडिट से बचने 20 अलग-अलग आर्डर

जानकारों के मुताबिक अगर किसी संस्था ने एक ही दिन, एक ही आइटम के लिए अलग-अलग अनुबंध किए हैं, तो इसके पीछे अधिकतम टेंडर से बचना हो सकता है। जैम पोर्टल की खरीदी प्रक्रिया पर नजर डालें तो 5 लाख तक की खरीदी सीधे संभव है। 5 से 25 लाख तक में एल 1 बोली की आवश्यकता होती है और बीडिंग के साथ ही रिवर्स आक्शन करना पड़ता है। अब साफ है कि इस बड़ी मात्रा में खरीदी करने के लिए एक साथ ऑर्डर किया जाता तो बोली प्रक्रिया या उच्च स्तर की मंजूरी अनिवार्य हो जाती। इसलिए अलग-अलग अनुबंध करके नियमों की "सीमा" से बचा गया। इसके साथ ही एक ही सप्लायर से ऑर्डर अलग-अलग किए गए जिससे की भविष्य में ऑडिट में "एक ही ठेकेदार को एक ही बार में बड़ी राशि का ऑर्डर देने" पर सवाल न उठे।

### इन सामानों की अलग-अलग खरीदी

- एग्जीक्यूटिव टेबल 20 पीस, तीन लाख 48 हजार
- मॉड्यूलर कॉन्फ्रेंस टेबल एक पीस, दो लाख 26 हजार
- मॉड्यूलर मीटिंग टेबल 4 पीस, कुल कीमत 3 लाख
- स्प्रिंग मैट्रेसेस 6 पीस, कुल कीमत 78 हजार रुपए
- सोफा 5 नग, कुल कीमत दो लाख 61 हजार
- सोफा सेट 4 नग, कुल कीमत 4 लाख रुपए
- वुडन बुक्स केस चार पीस, कुल कीमत एक लाख 35 हजार
- स्प्रिंग मैट्रेसेस 6 पीस, कुल कीमत एक लाख 41 हजार
- बेड्स 9 पीस, कुल कीमत दो लाख 61 हजार रुपए
- हेवी ड्यूटी स्टोरेज रैक्स 20 पीस, कुल चार लाख 90 हजार
- पोर्टेबल वॉटर पुरीफिकेशन सिस्टम 5 पीस कुल कीमत तीन लाख 75 हजार
- मॉड्यूलर मीटिंग टेबल 9 पीस, कुल कीमत एक लाख 71 हजार रुपए
- रिवाल्विंग चेयर 15 नग, कुल कीमत 3 लाख 18 हजार रुपए
- रिवाल्विंग चेयर 9 पेस, कुल कीमत एक लाख 48 हजार 500
- वेटिंग एरिया टर्मिनल 20 पीस, कुल कीमत 4 लाख 15 हजार

## खबर संक्षेप

### आत्मनिर्भर भारत सिर्फ एक नारा नहीं अपितु विकसित भारत की कुंजी



**बिलासपुर।** कोटा विधानसभा के रतनपुर मण्डल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रणव शर्मा समदरिया ने बताया कि जब प्रधानमंत्री विकसित राष्ट्र कि बात करते हैं तो उसके पीछे उनकी एक योजनाबद्ध दृष्टि जो आने वाले समय में भारत को कदम दर कदम विकसित देश बनने कि दिशा में लेकर जाएगी। इन सबके मूल में आत्मनिर्भरता के मंत्र के साथ स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करना है। कार्यशाला को जिला उपाध्यक्ष तिरिथ यादव मंडल अध्यक्ष दुर्गा कश्यप जिला कार्य समिति सदस्य रोहणी बैसवाड़े ने सम्बोधित किया । इस अवसर पर ज्वाला कौशिक, रविंद्र दुबे, संतोष यादव, सीताराम निर्मलकर, राजेशवरी दुबे, शिवानी सोनी, प्रभा मानिकपुरी, इंदु यादव, प्रमिला कश्यप, रेखा नागवंशी, पार्वती बहरा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे

### व्याख्याताओं की उन्मुखीकरण कार्यशाला कल से



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान के तहत जिले में संचालित मिशन 90 प्लस योजना के अंतर्गत 10वीं एवं 12वीं पढ़ने वाले व्याख्याताओं का उन्मुखीकरण कार्यशाला 9 अक्टूबर से होना है । उन्मुखीकरण कार्यशाला को प्रभावशाली एवं उपयोगी बनाने के संबंध में विषय विशेषज्ञ एवं ब्लॉक नोडल अधिकारी की बैठक सेजेस महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक संचालक पी दासरथी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिले को राज्य में प्रथम तीन स्थान में लाने के लिए क्या, कितना और कैसे अध्यापन कराया जाय है? विषय विशेषज्ञ एवं मिशन 90 प्लस के ब्लॉक नोडल के मध्य चर्चा हुई। अक्टूबर व नवंबर माह में टेस्ट एवं दिसंबर माह में अर्धवार्षिक परीक्षा जनवरी में राज्य के निर्देशानुसार प्री बोर्ड परीक्षा लिया जाना है। उन्मुखीकरण कार्यशाला में ब्लूप्रिंट, पाठ्यक्रम, प्रश्न पत्र पैटर्न एवं परिणाम आधारित अध्यापन की तकनीक बताई जाएगी । कार्यशाला में प्रतिदिन एक अधिकारी के साथ में एक मोटीवेटर, शिक्षाविद् को भी बुलाया गया है। श्री दाशरथी ने अर्धवार्षिक परीक्षा के उपरांत प्रवीण सूची में आ सकने वाले छात्रों का चयन कर 15 दिन की कार्यशाला आयोजन के संबंध में कार्य योजना बनाने कहा है। बैठक में मीना सिंह, एम टी आलम, आशा दत्ता ने अपने विचार रखे। बैठक में अरविंद कौशिक राजेश बेदी, डॉ रेणू बडेरा, डॉ राजेश खोटे, चंद्रकांत कौशिक, मनोज सनाढ्य ,मनोज यादव एवं सुनील शर्मा, जितेन्द्र कुमार खोबरागड़े आदि मौजूद थे।

### श्रेष्ठी कुर्मी समाज के सामुदयिक भवन का भूमिपूजन व प्रतिभा सम्मान 11 को



**बिलासपुर।** श्रेष्ठी कुर्मि समाज विकास समिति के तत्वावधान में श्रेष्ठी कुर्मी समाज सामुदयिक भवन का भूमि पूजन, शिलान्यास, प्रतिभा सम्मान व कृषक सम्मान समारोह कुर्मी तिहार के रूप में 11 अक्टूबर को देवरी खुर्द में मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह होंगे। अध्यक्षता घनश्याम कौशिक और विशिष्ट अतिथि संतोष कौशिक, लखनलाल कौशिक, जयलाल कौशिक, शिवबालक कौशिक व ग्राम पंचायत देवरी के सरपंच रामकुमार कौशिक होंगे। समिति के अध्यक्ष घनश्याम कौशिक ने बताया कि 11 अक्टूबर को सुबह 10 बजे देवरी स्थित महामाया मंदिर से कलश/शोभा यात्रा निकालकर कार्यक्रम स्थल तक जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम दो सत्रों में होगा। सुबह साढ़े 10 बजे से प्रथम सत्र होगा, इसमें सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। द्वितीय सत्र में विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। समारोह को सफल बनाने के लिए भुवनेश्वर कौशिक, बसंत कश्यप, लक्ष्मी प्रसाद कौशिक, दिनेश कौशिक, विनोद कौशिक, आशीष कौशिक, शैलेन्द्र कौशिक, प्रफुल्ल कौशिक, भूपेन्द्र कौशिक, रमाशंकर कौशिक, विष्णु कौशिक, श्रवण कौशिक, इंद्राणी कौशिक तैयारी में लगे हुए हैं।

### पटाखा दुकानों के लिए अग्निशमन अधिकारी ने जारी की एडवाइजरी

**बिलासपुर।** जिला अग्निशमन अधिकारी सह जिला सेनानी दीपांकुर नाथ ने पटाखा दुकानदारों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने दीपावली पर्व के दौरान निर्मित स्थायी, अस्थायी संरचना एवं पण्डालों मे संचालित पटाखा दुकानो में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए तथा अग्निशमन यंत्र को रखते हुए सावधानियों को अपनाना सुनिश्चित करने को कहा है। किसी भी तरह की चूक अथवा सुरक्षा का पालन नहीं किए जाने पर संबधित संचालक व दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होगें। जिला अग्निशमन अधिकारी श्री नाथ ने कहा कि पटाखा दुकान रिहायशी या फिर बाजार के पास नहीं खोले जाए। पटाका दुकान का निर्माण किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे-कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर, अज्वलनशील सामग्री से बने टिन (शेड) द्वारा निर्मित होना चाहिए तथा अग्निमंदक घोल से उपचारित किया होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साईड) पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए। प्रकाश व्यवस्था किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित किया गया है। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होना चाहिए।

**शहर के 31 स्कूलों को दी गई स्मार्ट टीवी**

**जिन स्कूलों में टीवी या प्रोजेक्टर नहीं है, उसे संसाधन युक्त बनाया जाएगा**

# 1100 मिडिल और प्राइमरी स्कूलों के सैकड़ों छात्र पढ़ेंगे स्मार्ट टीवी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- प्रोजेक्टर भी लगेगा, ई लर्निंग पाठ्यक्रम होगा लागू

जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर शहर समेत जिले के मिडिल और प्राइमरी स्कूलों में स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराया जा रहा है,जिसके जरिए बच्चें ऑनलाइन स्टडी और शिक्षक की अनुपस्थिति में भी अपना पढ़ाई जारी रख सकेंगे। इस अभिनव पहल की खासियत यह है कि जनसहयोग से स्कूलों में स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें जिले औद्योगिक समूह,बैंक,निजी संस्था, व्यापारिक प्रतिष्ठान और जनप्रतिनिधि अपना सहयोग दे रहें हैं। जिले के 1100 ऐसे स्कूलों को



चिन्हिंत किया गया हैं जहां स्मार्ट क्लास के लिए एक भी टीवी या प्रोजेक्टर नहीं हैं, इन सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस के लिए टीवी उपलब्ध कराने का लक्ष्य जिला प्रशासन ने तय किया हैं। मंगलवार को इसकी शुरूआत नगर निगम क्षेत्र के 31 स्कूलों से की गई, जहां नगर निगम द्वारा एक निजी बैंक के सहयोग से शहर के 31 प्राइमरी और मिडिल स्कूलों को स्मार्ट टीवी दिया गया। स्कूलों को स्मार्ट टीवी का वितरण महापौर श्रीमती पूजा विधानी ,सभापति विनोद सोनी और निगम कमिश्नर अमित कुमार के हाथों किया गया।

महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने कहा कि यह पहल काबिले तारीफ है, जहां स्कूली बच्चों को वर्तमान समय के अनुरुप अत्याधुनिक तकनीक से पढ़ाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इससे बच्चें नई तकनीक सिखेंगे और पढ़ाई कभी भी प्रभावित नहीं होगी। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने कहा कि हाईटेक तरीके से पढ़ाई करने से छात्रों को काफी सहूलियत मिलेगी। इसके अलावा कभी शिक्षक के अवकाश या उपलब्ध नहीं होने पर इस टीवी के जरिए पढ़ाया जा सकेगा।

### निःशुल्क ई पाठ्यक्रम होगा उपलब्ध

इसके साथ ही जिला प्रशासन की इस मुहिम में अपना सहयोग देते हुए संपर्क फाउंडेशन स्कूलों में वितरित किए जा रहे स्मार्ट टीवी में निःशुल्क ई पाठ्यक्रम उपलब्ध करा रही है। ई लर्निंग पाठ्यक्रम से बच्चें आसानी से अपना सिलेबस पूरा और पढ़ाई जारी रख सकते हैं। इस अवसर पर डीएमसी ओम पांडे, यूआरसी वासूदेव पांडे समेत स्कूलों के प्राचार्य और निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**मेगा प्रोजेक्ट्स के अधिकारियों से सतर्कता पर किया संवाद**

# कोल इंडिया के सीवीओ ने किया दीपका खदान का दौरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल दौरे के दूसरे दिन 7 अक्टूबर को कोल इंडिया लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने दीपका क्षेत्र का दौरा किया।

श्री त्रिपाठी ने क्षेत्र के प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की और तत्पश्चात माइन व्यू पॉइंट का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने क्षेत्र की माइन योजना के माध्यम से चल रहे खनन कार्यों एवं भावी योजनाओं की समीक्षा की। "एक पेड़ माँ के नाम" एवं "एक पेड़ सतर्कता के नाम" अभियान के अंतर्गत उन्होंने नए साइलो परिसर के निकट पौधारोपण किया। इस दौरान श्री त्रिपाठी ने दीपका में पर्यावरण का काम संभाल रही पर्यावरण प्रबंधक सुश्री कीर्ति केजी से भी संवाद किया और उद्योग में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एवं सशक्तिकरण की सराहना की। खदान निरीक्षण के पश्चात श्री त्रिपाठी ने दीपका, गेवरा, कुसमुण्डा एवं कोरबा क्षेत्रों के अधिकारियों के साथ एक संवाद सत्र में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक कोल इंडियन देश की प्रगति का सशक्त आधार है।

उन्होंने सभी से निडर होकर काम करने कहा । श्री त्रिपाठी ने अपने प्रेरक नारे "जो जीता वही कोल इंडियन" को दोहराया और सभी को सतर्कता, उत्कृष्टता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। दौरे के दौरान निदेशक तकनीकी (संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।




मंगलवार को सत्या आटो मोबाइल में विक्टोरिस की लांचिंग करते हुए पंजाब नेशनल बैंक के डीजीएम जगदीश राय, सत्या ग्रुप के एमडी प्रमोद खेड़िया, डायरेक्टर आशीष खेड़िया।

# स्टाइलिश लुक व हाईटेक फीचर्स के साथ मारुति ने पेश की नई एसयूवी 'विक्टोरिस'

**बिलासपुर।** मारुति सुजुकी कंपनी की एसयूवी विक्टोरिस की लांचिग मंगलवार को पुराना बस स्ट्रैण्ड स्थित सत्या ऑटोमोबाइल शो रूम में की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक के डीजीएम जगदीश राय ने रिबन काटकर की लॉन्चिंग की।

सत्या ऑटोमोबाईल के एमडी प्रमोद खेड़िया ने बताया की कंपनी ने इसकी बुकिंग भी शुरू कर दी है, जिसे ग्राहक टोकन अमाउंट देकर शोरूम में बुक कर सकते हैं।अब तक 30 से अधिक बुकिंग भी इस कार की आ चुकी है। उन्होंने बताया कि विक्टोरिस को ख़ास बनाने के लिए इसमें कई हाई-टेक फ़ीचर्स दिए गए हैं। इसमें 10.1-इंच स्मार्टप्ले प्रो X टचस्क्रीन, 10.25-इंच डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, अलेक्सा ऑटो, 8-स्पीकर वाला हर्मन साउंड सिस्टम और 64-कलर एम्बिएंट लाइटिंग शामिल हैं। प्रीमियम टच देने के लिए एसयूवी में जेस्चर



कंट्रोल के साथ पावर्ड टेलगेट, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स और वायरलेस चार्जर भी दिए गए हैं। सुरक्षा के मामले में विक्टोरिस पूरी तरह पैक्ड है, इसमें लेवल 2 एडास, 6 एयरबैग्स, 360-डिग्री कैमरा, ईएससी और टीपीएमएस जैसे फ़ीचर्स स्टैंडर्ड तौर पर मिलते हैं। इसके अलावा, सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि इसे भारत एनकैप सेफ़्टी रेटिंग्स में पूरे पांच-स्टार मिले हैं। विक्टोरिस एसयूवी पेट्रोल, स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड और एस-सीएनजी इंजन्स के साथ उपलब्ध होगी। इसके टॉप वेरीएंट में आलग्रिप 4x4 सिस्टम भी मिलेगा। विक्टोरिस को 10 कलर ऑप्शन्स में पेश किया गया है, जिनमें नए मिस्टिक ग्रीन और इटरनल ब्लू भी शामिल हैं। इस कार की स्टारटिंग प्राइज 12 लाख से शुरू है,जो की 23 लाख तक टॉप मॉडल में उपलब्ध्ध है।

# भगवान दास टहलियानी का पुण्यतिथि पर सेनानियों ने किया स्मरण



**बिलासपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 10 मिनट सेनानियों के नाम कार्यक्रम के तहत 5 अक्टूबर को नगर के क्रांतिकारी गोवा मुक्ति के ध्वज वाहक स्व डॉ भगवान दास टहलियानी की पुण्यतिथि मनाई गई। संस्था की ज़िला अध्यक्ष डॉ शकुंतला जितपुरे ने कहा कि नगर के नवजवान योद्धा डॉ भगवान दास टहल्यानी ने 21 वर्ष की आयु में गोवा मुक्ति आज़ादी के लिए अपनी गिरफ़्तारी दी थी।


वे राष्ट्रभक्त सेनानी थे। आज हर युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान का स्मरण कराने की ज़रूरत है। इस अवसर पर डॉ शकुंतला जितपुरे, चन्द प्रकाश बाजपेयी,इंदर टहलियानी, सीमा, सुरेश कलवानी,शिवनाथ श्रीवास ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की । कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बताया कि आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व डॉ भगवान दास की 8 वीं पुण्यतिथि आज उनके उनके बड़े बेटे इंदर टहल्यानी के निवास ओम-गार्डन, अशोक बिहार, नेहरू नगर में आयोजित किया गया। आगामी बैठक 2 नवम्बर को सुबह 10 बजे से होगी। कार्यक्रम को डॉ शिवनाथ श्रीवास, प्रतिमा शुक्ला,डॉ उषा किरण बाजपेयी, इंदर टहलियानी, सुरेश कलवानी,सीमा टहलियानी,अनिल तिवारी ने भी अपने विचारों व्यक्त किए। बैठक में डॉ उषा किरण बाजपेयी, अनिल तिवारी, इंदर टहलियानी, सीमा टहलियानी, सुरेश कलवानी, ऊधम टहलियानी, सोनम साहू, आकृति साहू, मोती पेसवानी, राम नारायण पटेल, सिमरन यादव, सुरेन्द्र गुप्ता, किशन यादव,डॉ नितिन टहलियानी आदि मौजूद थीं।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियादें सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए। बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सारधा के सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत में स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र के जर्जर हो जाने के कारण नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र बनाये जाने की मांग की। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम बैमा निवासी दिव्यांग लक्ष्मीनारायण ने शौचालय निर्माण के लिए सहायता दिलाने आवेदन दिया। इस पर सीईओ जिला पंचायत को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। तखतपुर ब्लॉक के बुटेना निवासी लखराम साहू ने बताया कि पूर्व में वे ग्राम खैराखुर्द में निवास करते थे जहां उन्हें हर महीने विकलांगता पेंशन मिलती थी। किसी कारणवश खैराखुर्द छोड़कर वे ग्राम बुटेना में निवासरत है। पिछले कई माह से वर्तमान गांव में पेंशन प्राप्त करने के लिए नाम जुड़वाने आवेदन दे चुके है परंतु अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। बोदरी तहसील के ग्राम पोड़ी निवासी 74 वर्षीय वृद्ध रामसहाय दिवाकर ने वृद्धा पेंशन राशि दिलाने की मांग की। इसे जनपद पंचायत सीईओ बिल्हा को कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपा। गोकने नाला के स्टाप डेम में गेट लगवाने के लिए जनपद पंचायत तखतपुर के उपाध्यक्ष राकेश तिवारी द्वारा मांग की गई है।


# अपनामार्ट होलसेल हफ्ता में दिवाली धमाका

**बिलासपुर।** अपना मार्ट होलसेल हफ्ता में दिवाली धमाका शुरू करने जा रहा है। अपनामार्ट के प्रवक्ता अभिषेक सिंह ने बताया कि त्यौहार के सीजन में आजकल बाजार में चहल पहल है। इस सूची में अपनामार्ट ग्राहकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर से 9 अक्टूबर तक चल रहे होलसेल हफ्ता में अपनामार्ट के स्टोर पर भारी भीड़ देखी जा रही है। इसके ढेरों ऑफर्स ने ग्राहकों को अपनी तरफ आकर्षित किया है। अपनामार्ट पर 1000 की शॉपिंग पर 50 रुपये ऑफ, 1500 की शॉपिंग पर 1000 रुपए ऑफ, 2000 की शॉपिंग पर 100+100 रुपए जैसे ज़बरदस्त ऑफर्स मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि साथ ही अक्टूबर महीने में कुल 4000 की शॉपिंग करने पर चांदी का सिक्का या सॉसपैन मिल रहा है सिर्फ रुपए रुपये में। आगामी 9 अक्टूबर को मलमल थर्सडे और होलसेल हफ्ता दोनों ऑफर्स के कारण स्टोर्स और ऑनलाइन दोनों जगह ग्राहकों का जमघट रहेगा। श्री सिंह ने कहा कि




बिजनेस प्लस

होलसेल हफ्ता की उत्तरोत्तर प्रगति ये दर्शाती है कि ग्राहक हमें अपनी विश्वसनीय पड़ोस की दुकान की तरह देखते हैं। अपनामार्ट उनके विश्वास पर खरा उतरा है और आगे भी उनकी सुविधा में सेवारत रहेगा ।


# क्रिकेट संघ बिलासपुर के सेक्रेट्री बने देवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्रिकेट संघ बिलासपुर के नए सेक्रेट्री के पद पर देवेन्द्र सिंह उर्फ बाटू को चुना गया है। वहीं अध्यक्ष के पद पर नवीन जाजोदिया को यथावत रखा गया है। कुछ दिन पहले छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के नए पदाधिकारी और कार्यकारिणी का चुनाव हुआ था, जिसमें क्रिकेट संघ बिलासपुर के पूर्व सचिव विन्टेश अग्रवाल को स्टेट क्रिकेट संघ का सेक्रेट्री निर्वाचित किया गया।

विन्टेश अग्रवाल के स्टेट सेक्रेट्री बनने के बाद क्रिकेट संघ बिलासपुर में सेक्रेट्री का पद रिक्त हो गया था। इसे देखते हुए क्रिकेट संघ बिलासपुर की वार्षिक सामान्य सभा के साथ पदाधिकारियों के चुनाव करने के लिए बैठक का आयोजन सरजू



बगीचा स्थित क्रिकेट संघ कार्यालय में किया गया। इसमें स्टेट क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव मुकुल तिवारी का आभार और नवनिर्वाचित सचिव विन्टेश अग्रवाल का सम्मान किया गया। इसके उपरांत आगामी सत्र के लिए नई कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों के चुनाव किए गए, जिसमें सर्वसम्मति से एक बार फिर नवीन जाजोदिया को पुनः अध्यक्ष के पद पर चुना गया। वहीं देवेन्द्र सिंह उर्फ बाटू को सचिव, कोषाध्यक्ष गुरदीप सिंह टुटेजा प्रिंस, उपाध्यक्ष ओपी यादव, आलोक श्रीवास्तव, सहसचिव आनंद तावड़कर, शरद मुरारका को बनाया गया। इस अवसर पर अनुराग बाजपेयी, दिलीप सिंह सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट संघ बिलासपुर के सदस्य मौजूद थे।

# छठ महापर्व आयोजन समिति का प्रतिनिधिमंडल मिला कलेक्टर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छठ महापर्व की तैयारी को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक सहयोग पाने पाटली पुत्र सांस्कृतिक विकास मंच का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधीश, नगर निगम आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की।

छठ महापर्व मानने छठ भक्तों एवं छठ पूजा समिति द्वारा प्रारंम्भिक तैयारी शुरू कर दी गई है। गतदिनों पाटली पुत्र सांस्कृतिक विकास मंच भोजपुरी समाज सहजानंद समाज द्वारा संयुक्त रूप से बैठक कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया। छठ पूजा समिति ने आज जिलाधीश संजय अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, एसएसपी रजनेश सिंह से मुलाकात कर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रशासनिक सहयोग के लिए औपचारिक पत्र सौंपा।




कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात करते छठ महापर्व आयोजन समिति के प्रतिनिधिमंडल।

जिलाधीश श्री अग्रवाल ने आश्वस्त किया कि नगर निगम, पुलिस प्रशासन, बिजली विभाग, सिंचाई विभाग सहित सभी विभाग द्वारा पूजा के लिए प्रशासनिक सहयोग प्राप्त होगा। छठ महापर्व मां अरपा के तट पर पूरी गरिमा के साथ मनाया जाएगा। समिति जल्द ही शहर के जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर सहयोग के लिए औपचारिक पत्र सौंपेगी। समिति के प्रतिनिधि मण्डल में प्रवीण झॉ डॉ. धर्मेन्द्र दास, अभयनारायण राय, बीएन ओझा, सुधीर झॉ शामिल रहे।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




**उत्सव**

## नए लंगर हाल में मनेगा पर्व होगा भजन-कीर्तन



**बिलासपुर।** धन धन श्री गुरु रामदास महाराज का प्रकाश पर्व सत्कार के साथ गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद में मनाया जाएगा। इसके साथ ही दयालबंद में बने लंगर हाल को आधुनिक साज सज्जा सुविधा के साथ रेनोवेशन का कार्य भी पुरा हो चुका है। बुधवार को धन धन गुरु राम दास के पावन प्रकाश पर्व पर नये हाल में मनाया जाएगा। सुबह विशेष दीवान में अखंड पाठ साहिब होगा, भाई अनिल सिंह के द्वारा हुजुरी रागी जत्था दरबार सजाया जाएगा।

# प्री-करवा चौथ सेलीब्रेशन में महिलाओं ने किया डांस

करवा चौथ के उपलक्ष्य में शहर की महिलाओं के लिए महापौर पूजा विधानी एवं भाजपा नेत्री हर्षिता पाण्डेय, गौरी गुप्ता के आतिथ्य में प्री-करवा चौथ सेलीब्रेशन सौभाग्यवती भव: कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 70 महिलाओं ने भाग लेकर सोलो डांस व वॉक किया।

**बिलासपुर।** आयोजिका कविता सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी भी रखी गई। प्रतिभागियों ने मंच में आकर अपने विचार रखे। वहीं सोलह श्रृंगार में 3 इनाम दिया गया। प्रतिभा के आधार पर तीन प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। गिफ्ट भारती सालुंके की ओर से दिया गया। निर्णायक की भूमिका में डॉ चांदनी गुप्ता, तानी शिवहरे, भारती सालुंके, अंकिता कुमारी एवं वीआईपी गेस्ट सुधा शर्मा, चुन्नी मौर्य व प्रीति ठक्कर रहीं।

- 16 श्रृंगार व प्रतिभा के आधार पर दिए गए 3-3 इनाम

कार्यक्रम स्थल में मीना कुमारी ने बेकरी आयटम, अर्चना गोस्वामी ने बैग, स्वरांजलि विंचुरकर ने महाराष्ट्रीयन ज्वेलरी व फैंसी आयटमों, मयूराक्षी बैनर्जी ने बंगाल हैण्डलुम व मखला चादर, मधु शर्मा ने ज्वेलरी, बिलासपुर डेफ एसोसिएशन ने दीया, एप्रान, गुलदस्ता, कुशन की प्रदर्शनी लगाई। जिसे काफी रिस्पांस मिला। कार्यक्रम में टीम मेंबर मृदुला साहू, निशा सोनी, गौरी कश्यप, ज्योत्सना मिश्रा, माधुरी का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन पूनम सिंह ने किया।



**भ्रमण**

## पिकनिक में अंताक्षरी खेल कर किया इंजाय



**बिलासपुर।** माहेश्वरी महिला मंडल की सखियों ने बोदरी के एक फार्म हाउस में पिकनिक मनाई। इसमें अंताक्षरी खेल कर जमकर इंजाय किया। कार्तिक माह में तुलसी पूजन, दान-पुण्य, व्रत, दीपदान करने का संकल्प लिया। संगठन की सदस्यों ने बताया कि पर्यावरण, पेड़-पौधों से जुड़ना सखियों को बहुत पसंद है। घर से बाहर के वातावरण में स्वच्छंदता का आंनद लेने एवं ताजी हवा में सांस लेने का मजा ही कुछ और रहता है। इसी बात को ध्यान में रख कर यह आयोजन किया गया। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण भी किया गया। खुले आसमान के नीचे बैठकर समाज विकास की दिशा में विचार किया गया। सभी ने नृत्य, चुटकुले, हंसी ठिठोली में पूरा दिन मनोरंजन किया। शरद पूर्णिमा पर आधारित हाउजी लकी गेम खेला गया। अध्यक्ष विनीता माहेश्वरी ने सभी को शुभकामनाएं दी और बताया कि कार्तिक मास विष्णु प्रिय पवित्र मास है। इस मौके पर विनीता, सुधा, सरोज, किरण, सरिता, ममता, नीता, मीना, आरती, कुसुम, ज्योति, सुजिता, पूजा, दीपाली, श्वेता, नीलम, शीला, मंजू, रेखा, रिमझिम, पूनम, मोना, सोनाली, स्वाती उपस्थित थीं।

# डिजाइनर करवा, छलनी, पूजा की थाली महिलाओं को कर रही आकर्षित

इस साल करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रख कर शिव परिवार की पूजा करेंगी। चंद्रमा को अर्घ्य देकर छलनी से चांद का दीदार करेंगी। वहीं पर्व को लेकर शहर का बाजार गुलजार हो चुका है। डिजाइनर करवा, छलनी, पूजा की थाली महिलाओं को आकर्षित कर रही है।

**बाजार गुलजार, होने लगी खरीददारी, पार्लर में बुकिंग**



### मिट्टी के करवा की डिमांड अधिक

करवा चौथ की पूजा में करवा व पूजा की थाली का विशेष महत्व रहता है। व्रती महिलाएं ज्यादातर महिलाएं मिट्टी करवा ही खरीद रही हैं। विक्रेता प्रतिभा सागर ने बताया कि बाजार में 30 रूपए से लेकर 80 रूपए तक करवा एवं पूजा की थाली ढाई सौ रूपए से लेकर पांच सौ रूपए तक बिक रहा है। इसके अलावा जरी व मोती माला, दीया, चुनरी, सुहाग सामग्री के पैकेट की भी मांग अधिक है।

### करने लगे हैं उपहार की खरीददारी

करवा चौथ के लिए पुरुष उपहार की खरीदारी शुरू कर दिए हैं। मोबाइल, ज्वेलरी के अलावा फोटो फ्रेम गिफ्ट के लिए खरीदा जा रहा है। महिलाएं व युवतियां हैंडवर्क, रिबन वर्क, सिल्क और बनारसी साड़ी व सूट अधिक पसंद कर रहीं हैं। वहीं आकर्षक रंगों की चूड़ियां महिलाओं को भा रही हैं। चूड़ी विक्रेता ने बताया कि महिलाएं कपड़ों से मैच करती हुई चूड़ियां व बिंदी खरीद रहीं हैं। चूड़ियों में सबसे ज्यादा वेलवेट, राजस्थानी व जयपुरी पैटर्न को पसंद किया जा रहा है।

प्रतिवर्ष कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सुहागिनों द्वारा करवा चौथ का व्रत रखने की पुरानी परंपरा रही है। इस व्रत में चंद्रमा का विशेष महत्व होता है। चंद्रोदय के पश्चात ही रात्रि के समय व्रत तोड़ा जाता है। ज्योतिषियों के अनुसार चतुर्थी तिथि का आगमन 9 अक्टूबर गुरुवार की रात 2.49 बजे हो रहा है, जो 10 अक्टूबर शुक्रवार की रात 12.24 बजे तक रहेगी, इसलिए करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर को रखा जाएगा। सुहागिन महिलाएं करवा चौथ में खुद को निखारने व संवारने के लिए ब्यूटी पार्लर पहुंच रही हैं। वे एडवांस में बुकिंग भी करा रही हैं, ताकि पर्व में भीड़ से बचा जा सके। सराफा बाजार में भी नेकलेस, झुमके, कंगन और अंगूठी की मांग बढ़ी हुई है। पूजा सामग्री की भी जमकर बिक्री हो रही है। महिलाओं की भीड़ श्रृंगार, वस्त्र व उपहार से जुड़े उत्पादों की दुकानों पर नजर आ रही है।

### मेहंदी, पार्लर में स्पेशल ऑफर



करवा चौथ से पहले ही सुहागिनें खुद को निखारने को लेकर ब्यूटीशियन की बुकिंग करने लगी हैं। बड़े पार्लर व मेंहदी सेंटर में स्पेशल ऑफर भी दिया जा रहा है। इसमें करवा चौथ पैकेज के साथ ही छूट भी दी जा रही है। फेशियल, हेयर कट और हेयर ट्रीटमेंट के साथ ही स्पेशल मेहंदी का भी ऑफर महिलाओं को मिल रहा है। साथ ही मेहंदी लगाने घर पहुंच सुविधा भी दी जा रही है पर इसके लिए अतिरिक्त चार्ज लिया जा रहा है। डिजाइन और मेहंदी के हिसाब से मूल्य तय होता है।

**कार्यक्रम**

## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा के साथ समापन



**बिलासपुर।** महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने हेतु लायंस क्लब, स्माइल एवं गुलदस्ता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सक्षम महिला स्वावलंबन प्रदर्शनी उड़ान" का समापन किया गया। प्रदर्शनी में लगभग 40 स्टॉल लगाये गये जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन, छत्तीसगढ़ी, प्रदर्शनी एक मिनी भारत की भाँति नजर आ रही थी। साथ ही फेंसी ड्रेस, करवा कवीन प्रतियोगिता रखी गई। निर्णायक के रूप में समाजसेवी चुन्नी मौर्य और गंगा साहू महिला एवं बाल विकास शिकायत समिति की सदस्य ने भूमिका निभाई। डॉ सुरभि राजगीर द्वारा मेटल हेल्थ पर स्लोगन के माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरुक किया गया। समापन के अवसर पर यातायात के पूर्व सब इंस्पेक्टर एवं यातायात के मास्टर ट्रेनर उमाशंकर पांडे ने कहा की हमारे समाज की अभिन्न अंग महिलाओं के लिए यह आयोजन एक बहुत बड़े पंख का कार्य करेगा जिससे हमारी महिलाएं ऊंची उड़ान भर सकेंगी। इस कार्यक्रम में लायंस क्लब एवं गुलदस्ता फाउंडेशन अध्यक्ष रीता राजगीर, डॉ. सुरभि राजगीर कोषाध्यक्ष दीप्ति साहू, डॉ सविता पांडे सचिव संगीता लझेवर, गीता प्रजापति, ज्योति नामदेव, ज्योति सिंगरोल सहित अन्य शामिल रहे।

# वाल्मीकि जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा





बिलासपुर। मंलवार को महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा भवन कस्तूरबानगर में भजन कीर्तन हुआ। जिसमे समाज के सभी लोग उपस्थित रहे। वाल्मीकि चौक शनिचारी में महर्षि वाल्मीकि मूर्ति में दूध अभिषेक कर पूजा आरती की गई। सुबह 11 बजे से लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में समाज के बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। जिसमें बच्चों का दौड़, कप कालेक्सन ड्राइंग, निबंध, महिलाओं के लिए रंगोली, प्रतियोगिता में विजयी बच्चों में दौड़ में लड़की यामीनी करोसीया, आलिया खरगोसिया, मायरा खरगोसिया विजेता रही। इसी तरह दौड़ लड़कों में देवेंद्र करोसिया, सारांश करोसिया भावेश पाल विजेता रहे। कप कलेशन में देवेंद्र करोशिया, भावेश पाल, यामनी करोशिया विजयी रहे। वहीं ड्राइंग में यामिनी करोसिया, खुशी करोसिया, रिद्धि माहरोलिया विजेता रही। निबंध वाल्मीकि जीवनी पर रोहित करोसिया, खुशी करोसिया ने बाजी मारी, रंगोली में योगिता मेहतोलीया, रिद्धि मेहरोलीया, आलिया खरगोसीया विजेती रही।

## खेलकूद में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

मंलवार को महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा भवन कस्तूरबानगर में भजन कीर्तन हुआ। जिसमे समाज के सभी लोग उपस्थित रहे। वाल्मीकि चौक शनिचारी में महर्षि वाल्मीकि मूर्ति में दूध अभिषेक कर पूजा आरती की गई। सुबह 11 बजे से लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में समाज के बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। जिसमें बच्चों का दौड़, कप कालेक्सन ड्राइंग, निबंध, महिलाओं के लिए रंगोली, प्रतियोगिता में विजयी बच्चों में दौड़ में लड़की यामीनी करोसीया, आलिया खरगोसिया, मायरा खरगोसिया विजेता रही। इसी तरह दौड़ लड़कों में देवेंद्र करोसिया, सारांश करोसिया भावेश पाल विजेता रहे। कप कलेशन में देवेंद्र करोशिया, भावेश पाल, यामनी करोशिया विजयी रहे। वहीं ड्राइंग में यामिनी करोसिया, खुशी करोसिया, रिद्धि माहरोलिया विजेता रही। निबंध वाल्मीकि जीवनी पर रोहित करोसिया, खुशी करोसिया ने बाजी मारी, रंगोली में योगिता मेहतोलीया, रिद्धि मेहरोलीया, आलिया खरगोसीया विजेती रही।





## प्रेम प्रकाश आश्रम में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**बिलासपुर।** श्री प्रेम प्रकाश आश्रम सरकंडा में भगवान श्री लक्ष्मीनारायण एवं सतगुरु स्वामी टेंऊंराम महाराज के विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा एवं उद्घाटन समारोह का समापन मंडल के आचार्य सतगुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज ने पल्लव पाकर किया। बिलासपुर प्रेम प्रकाश एवं महिला मंडली ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में श्रीमद् गीता एवं श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ का पाठ हुआ। महाराज पूरन शर्मा ने विधि-विधान से यज्ञ, हवन कर विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा कराई। मंडल अध्यक्ष सतगुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज द्वारा नवनिर्मित भवन का गृह प्रवेश व सनातन धर्म की धर्म पताका का झंडारोहण किया गया। अंत में साध संगतों ने भोजन, प्रसाद ग्रहण किया। महामण्डलेश्वर स्वामी भगत प्रकाश महाराज ने सतगुरु स्वामी टेंऊराम महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला एवं इस क्षणभंगुर जीवन में परमात्मा के नाम का जाप करने और परमार्थ के कार्य करने की प्रेरणा दी। संत हरिओम लाल साई ग्वालियर, भोला राम कानपुर, संत कमल गांधीधाम ने भी अपने विचार रखे। श्री सिंधु अमरधाम झूलेलाल मंदिर चकरभाटा के संत लाल दास साई सहित अन्य सभी लोगों ने संत मंडलियों का स्वागत किया।

**आयोजन**

## जागरूकता अभियान के लिए तैयार की गई रूपरेखा



**बिलासपुर।** लायंस क्लब वसुंधरा ने अक्टूबर माह की सामान्य सभा एवं बीओडी मीटिंग शहर के एक होटल में रखी। इसमें जागरूकता अभियान के लिए रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा ने की। बैठक में सेवा सप्ताह के अंतर्गत की जाने वाली सेवा गतिविधियों एवं डिस्ट्रिक्ट से प्राप्त प्रोजेक्ट 4 से 12 अक्टूबर तक मेंटल हेल्थ एवं अवेयरनेस पर प्रोग्राम करने की रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन शोभा त्रिपाठी, सुधा परिहार, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर मंजू तिवारी, चांदनी सक्सेना, सावित्री जायसवाल, मंजुला शिंदे, शोभा चाहिल, गायत्री कश्यप, एमजेएफ संजना मिश्रा, अणिमा मिश्रा, शारदा कश्यप, सीता तिवारी उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन सचिव अर्चना तिवारी ने किया।

**स्पोर्ट्स न्यूज**

# कबड्डी में लगातार मैच जीतकर एयू ने अगले राउंड में किया प्रवेश






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम ने ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता मे शहीद नन्द कुमार पटेल विश्वविद्यालय को अपने तीसरे मैच मे 5 अंको से हराकर चौथे राउंड मे प्रवेश किया।

कबड्डी टीम के एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी द्वारा आबटित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर सी वी रमन यूनिवर्सिटी की मेजबानी में आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता मे अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर का पहला मैच पूरईया यूनिवर्सिटी वेस्ट बंगाल के मध्य खेल गया, जिसमें बिलासपुर ने 85-34 के मुकाबले 51 अंको से हराकर दमदार प्रदर्शन किया।

दूसरा मैच ओ पी जिंदल यूनिवर्सिटी के साथ हुआ जिसमें अटल बिहारी विश्वविद्यालय ने 68- 23 के मुकाबले 45 अंको से हराया तीसरा मैच शहीद नन्द कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के साथ खेला। जिसमें 59-54 के मुकाबले 5 अंको से जीत दर्ज कर नाक आउट मैच के अगले राउंड मे प्रवेश किया है। टीम में सागर पटेल (कप्तान), अमित कुमार, दिगंबर, राहुल कुमार, राज पटेल, आशीष यादव, मुकेश कुमार, राजेश यादव, भजन सिंह, प्रहलाद मरावी, उत्तम रजक, पूर्वांशु, जयनंद, जयप्रकाश आदि शामिल है। टीम के मैनेजर शासकीय महाविद्यालय कोटा क्रीड़ाधिकारी राजेश सिंह व कोच एलसीआईटी कालेज क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल है।

**40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता**

## छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी लेंगे भाग

40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 3 हजार से अधिक खिलाड़ी, प्रशिक्षक, प्रबंधक, तकनीकी अधिकारी एवं आयोजनकर्ता भाग लेंगे। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 64 खिलाड़ी कुल 77 इवेंट में भाग ले रहे हैं। टीम प्रबंधक परमेश्वर राम भगत, हेड कोच जसविंदर सिंह भाटिया, प्रशिक्षकगण कुमारी आंचल भगत, कुमारी अदिति, कुमारी सुनीति निषाद, कपिल चौधरी, हिमांशु चंद्राकर, संदीप कुमार सहित अन्य है। चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों के 22वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं पूर्व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन एवं एएफआई के मापदंडों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया है।



छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स टीम के मुख्य प्रशिक्षक पीजी जयकृष्णनन ने कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और इस बार भी राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### हेडमास्टर की बहाली को लेकर कलेक्टर को आवेदन

**तखतपुर।** शासन के निर्देश के बाद भी शिक्षकों को कार्यालय में संलग्न किया गया है, जिसके कारण अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। इस व्यवस्था से नाराज ढनढन के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर प्रधान पाठक को विद्यालय वापस भेजने की मांग की है। विकासखंड की पूमा शाला ढनढन के हेडमास्टर रोहित भांगे जब से विद्यालय में पदस्थ हुए हैं, तब से एक भी दिन स्कूल नहीं आ रहे हैं। स्कूल जाकर इस संबंध में जानकारी लेने पर प्रधानपाठक को कार्यालय में संलग्न बताया जाता है। प्रधान पाठक के विद्यालय में अनुपस्थित होने से स्कूल की व्यवस्था भी बिगड़ गई है, साथ ही अध्यापन कार्य भी प्रभावित हो रहा है। सरपंच सत्येंद्र तिवारी, जग्गु कोसले, धनंजय साहू, प्रमोद निर्मलकर, द्रौपति कौशिक, दशरथ, राम सेवक, रामानंद कौशिक, श्याम सुंदर, चंद्रशेखर, राजकुमार, सुशील, उमेश ध्रुव, नर्मदा, जितेंद्र साहू आदि ने कलेक्टर को आवेदन देकर प्रधानपाठक को तत्काल विद्यालय भेजने की मांग की है। हेडमास्टर को तत्काल विद्यालय नहीं भेजने पर ग्रामीणों ने चक्काजाम की चेतावनी दी है।

### अवैध शराब बिक्री, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बेलगहना के एक मकान में अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी शराब को जब्त करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बेलगहना में हिमांशु गुप्ता अपने घर के बगल में टिन शेड के नीचे जमीन में छिपाकर अंग्रेजी व देसी शराब बिक्री करने हेतु रखा है। टीम गठित कर ग्राम बेलगहना में रेड कार्रवाई करते हुए आरोपी हिमांशु गुप्ता के कब्जे से 15.840 बल्क लीटर शराब कुल कीमती 10280 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई करते हुए आरोपी को विधिवत गिरफ्तार क़र न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** झाफल निवासी भोप सिंह राजपूत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह अपने परिवार के साथ धुंधी माई मंदिर गया हुआ था। वह अपने साथी के साथ बातचीत कर रहा था, इसी दौरान करन एवं सुशील अपने अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे और गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115,2 3,5 296, 351, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## निधन

### डोमा देवी



**बिलासपुर।** सरकंडा निवासी डोमा देवी का 7 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. भवानी प्रसाद नामदेव की पत्नी, एनपी नामदेव की माता, योगेश नामदेव की दादी थीं।

### बल्लूराम श्रीवास



**तखतपुर।** लिम्हा निवासी बल्लूराम श्रीवास का 70 वर्ष की आयु में 7 सितम्बर को निधन हो गया। वे गोरेलाल श्रीवास, प्रेमलाल श्रीवास के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम लिम्हा में किया गया।

## सैकड़ों ग्रामीणों ने ली नशामुक्ति की शपथ

# नशे की जंजीर तोड़ने सोंठी की महिलाओं ने भरी हुंकार

**नशे के खिलाफ समाज एकजुट होगा तभी बदलेगा कल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

वनांचल ग्राम सोंठी में मंगलवार को नशामुक्ति अभियान के तहत जनचौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण, महिलाओं, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति रही। गांव को नशे से मुक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने संकल्प लिया कि, अब सोंठी में नशे के कारोबार या सेवन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनपद सदस्य लक्ष्मी देव सिंह पोर्ते के नेतृत्व में नशामुक्ति रैली निकाली गई, जिसमें नारे लगाते हुए महिलाओं ने पूरे गांव का भ्रमण किया। इस मौके पर 'नशा छोड़ो, परिवार जोड़ो, नशा है विनाश की जड़' जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।



नशामुक्ति अभियान के तहत लगी जनचौपाल में शामिल पुलिस के अफसर व ग्रामीण।

### नशे को खत्म करने की शुरुआत घर से होनी चाहिए: सतपथी

सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने कहा कि, नशा हर भी रूप में समाज के लिए जहर है। इसको रोकने की जिम्मेदारी परिवार से ही शुरू होती है। अगर माता-पिता, पत्नी, भाई या बहन नशा करने वाले को रोकने का साहस दिखाएं, तो समाज अपने आप बदल जाएगा। पुलिस हमेशा जनता के साथ है, लेकिन नशे के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार समाज की एकजुटता है। उन्होंने यह भी कहा कि, सीपत थाना क्षेत्र में पुलिस लगातार अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चला रही है, और गांवों के सहयोग से इसे और मजबूत किया जाएगा। जनपद सदस्य लक्ष्मी देव सिंह पोर्ते ने कहा कि, नशा न केवल परिवार को, बल्कि पूरे गांव को कमजोर करता है। हम चाहते हैं कि, सोंठी का हर युवा पढ़े, आगे बढ़े, रोजगार करे, लेकिन नशे से दूरी बनाए। इस अभियान को जन आंदोलन बनाना है, ताकि आने वाली पीढ़ी एक स्वस्थ समाज में जी सके। उन्होंने कहा कि, आने वाले दिनों में हर वार्ड में नशामुक्ति जन जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें स्कूली बच्चों और महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। ग्राम की सरपंच नीमा वस्त्रकार ने कहा कि, हमारी महिलाएं अब चुप नहीं रहेंगी। शराब और नशे से परिवार टूट रहे हैं, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अब सोंठी गांव की महिलाएं मिलकर नशे के खिलाफ मोर्चा संभालेंगी और प्रशासन के साथ मिलकर इस कुरीति को जड़ से खत्म करेंगी। शिक्षक रामेश्वर जायसवाल ने कहा कि, गांव के युवा देश का भविष्य हैं। उन्हें नशे में नहीं, ज्ञान में शक्ति खोजनी चाहिए। स्कूलों में बच्चों को नशामुक्ति की शपथ दिलाएंगे और घरों में भी इस संदेश को फैलाने का प्रयास करेंगे।

### महिलाओं ने की अभियान की अगुआई

रैली और जनचौपाल में रानू श्रीवास, भागीरथी जायसवाल, राम कश्यप, पूर्व सरपंच राजेंद्र पटेल सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। ग्रामीणों ने नशे के खिलाफ सामूहिक शपथ ली, एवं गांव में अवैध शराब की सूचना तत्काल पुलिस को देने का निर्णय लिया।कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि, अब सोंठी नशामुक्त बनेगा, और यहां की नई पीढ़ी स्वच्छ विचारों के साथ आगे बढ़ेगी।

## स्कूल में शराब मिलने का मामला

# भाजपा नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

कुछ दिनों पूर्व संयुक्त आबकारी टीम ने नगर पंचायत के समीप ग्राम बावली की शासकीय स्कूल में छापेमार कार्रवाई करते हुए स्कूल भवन में 10 पेटी मध्यप्रदेश की शराब जब्त की थी। स्कूल में मध्यप्रदेश की शराब मिलने की खबर से जिले की राजनीति में भूचाल आ गया।

कांग्रेसी नेताओं ने मीडिया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार पर आरोप लगाना शुरू कर दिया एवं प्रदर्शन करने लगे। मामले को लेकर मंगलवार को भाजपा नेताओं ने सरगांव थाने में जिला आबकारी विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, जनपद पंचायत सभापति प्रतिनिधि चंद्रशेखर कौशिक, पंकज वर्मा, राज कौशिक के साथ-साथ कई भाजपा नेता व पार्षद मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता।

### बेबुनियाद आरोप नहीं लगाना चाहिए

निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की गई। यह कार्य सोची समझी साजिश के तहत किया गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी बहुत जरूरी है। बिना जानकारी, बिना जांच के भाजपा के नेताओं पर आरोप लगाना एवं उनकी छवि धूमिल करना गलत है। हम प्रशासन पर ऐसे नेताओं पर कार्रवाई की मांग करते हैं। जब तक जांच पूर्ण नहीं होगी, तब तक आरोपियों की पहचान कैसे होगी। कांग्रेस नेताओं को अगर प्रदर्शन करना है, तो थाने में जाकर निष्पक्ष जांच की मांग करनी चाहिए।

- धरमलाल कौशिक, विधायक

### जल्द होगी आरोपियों की गिरफ्तारी

शराब को जब्त कर अपराध पंजीबद्ध किया गया, परंतु नामजद नहीं है। स्थल पर मध्यप्रदेश की शराब लावारिस रूप से पाई गई, जिसे जब्त किया गया। यथा स्थल पर कोई आरोपी गिरफ्तार नहीं किया गया। जांच की जा रही है, मामले में विद्यालय के शिक्षकों की गवाही अभी बाकी है। गवाहों के बयानों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी तथा आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

- उमा रमा, आबकारी अधिकारी पथरिया

### सरकार को जवाब देना चाहिए

बिना राजनीतिक संरक्षण के कई जिलों से होते हुए मध्यप्रदेश की शराब नहीं आ सकती। शराब स्कूल भवन तक पहुंच गई, इसमें पुलिस विभाग और राज्य की सरकार की इंटेलीजेंस की नाकामी है। रहा सवाल मेरे कार्यकर्ताओं द्वारा व्यक्तिगत नाम लेकर आरोप लगाने का, तो मेरे कार्यकर्ता स्वतंत्र हैं। मध्यप्रदेश की शराब यहां तक कैसे पहुंची, सरकार को इस पर जवाब देनी चाहिए।

- घनश्याम वर्मा, जिला अध्यक्ष कांग्रेस

# बच्चे माता-पिता व गुरु की बातें मानें: घनश्यामाचार्य

**सेतगंगा-मुंगेली।** जगदगुरू घनश्यामाचार्य महाराज सानिध्य में स्व रतनलाल शर्मा की पुण्य तिथि पर ग्राम खैरा सेतगंगा में संचालित 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पंडाल में प्रसिध्द भजन 'नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की' धुन पर सभी श्रध्दालु झूमते व थिरकते रहे।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर कथा पंडाल को झालर गुब्बारे व फुलमाला से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कथा वाचक स्वामी अहोविल प्रपन्नाचार्य प्रयागराज ने प्रवचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम मोक्ष की महत्ता पर व्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि, धरती पर जब जब अनाचार, अत्याचार व अन्याय बढ़ा है, तब तब भगवान की अवतार इस धरा पर होता है। अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही भगवान का अलग-अलग रूपो में अवतार होता है। उन्होंने कहा कि, जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है, तो संकल्प जरूरी है। हर बच्चे को अपने माता-पिता व गुरू की बातों को मानना चाहिए। जिन बच्चों के उपर माता-पिता और गुरू का आशीर्वाद है, उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है। हर एक माता-पिता को चाहिए कि जहां भी भागवत कथा, सत्संग, कीर्तन का आयोजन होता है, वहं अपने बच्चो को अवश्य लाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महंत राधेश्याम दास, कृष्णा रामकुमार शर्मा, संतोषी रामलोचन शर्मा, लता शर्मा, सुनीता, डॉ रामजी शर्मा, प्रमोद शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, डॉ. गोपीकिशन तिवारी, योगेश शर्मा, डॉ, दिपांशु शर्मा, ओम शर्मा, गनपत शर्मा, विनय दुबे, नारायण शर्मा, महेश शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, रामकिशुन शर्मा, रमेश शर्मा ब्रुशी शर्मा, लुशी शर्मा, आयु शर्मा, रूद्र शर्मा, खुशी शर्मा सहित पूरे शर्मा परिवार का अहम योगदान प्राप्त हो रहा है।

# नगर पहुंची कौशल विकास यात्रा छात्रों को दी गई एआई की जानकारी

**तखतपुर।** कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत देश की अग्रणी संस्था आईसेक्ट ने 6 अक्टूबर से कौशल रथ कौशल विकास यात्रा का शुभारंभ किया। यह यात्रा 20 राज्यों के 300 जिलों के 500 स्कूल कॉलेज और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचेगी और लाखों विद्यार्थियों युवाओं एवं शिक्षकों को कौशल विकास तथा नवीन तकनीक से परिचित कराएगी।

नीति आयोग ने विकसित भारत 2047 के लिए एआई को केंद्रीय भूमिका दी है। आईसेक्ट का यह अभियान इसी दृष्टि को जमीनी स्तर पर पहुंचाने का प्रयास है। इसी उद्देश्य को लेकर यात्रा 6 अक्टूबर को तखतपुर पहुंची, जहां दृष्टि कंप्यूटर केंद्र में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर संस्थान के छात्रों को एआई लिटरेसी मिशन के बारे में बताया गया। विशेष रूप से तैयार किए गए कौशल रथ के माध्यम से यह अभियान गांव-गांव और शहर शहर तक पहुंच रहा है। यात्रा के दौरान निशुल्क की सेमिनार आयोजित किया गया एवं करियर काउंसलिंग के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात यात्रा जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर पहुंची जहां प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे के नेतृत्व में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, उसकी चुनौतियों एवं परेशानियों, आईटी के क्षेत्र में इससे प्राप्त होने वाले रोजगार की जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने कहा कि, यह एक शैक्षिक अभियान नहीं बल्कि युवाओं को भविष्य की तकनीक से जोड़ने और उन्हें रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है। कार्यक्रम को सुजात शरीफ प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर आईसेक्ट, अभिषेक तिवारी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, परवेज भारमल शाखा प्रबंधक दृष्टि कंप्यूटर ने संबोधित किया। आभार प्रदर्शन डॉ राजीव शर्मा द्वारा किया गया। इसके पश्चात यात्रा रथ को प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर आगे के लिए रवाना किया गया।




# जिला जेल में रक्तदान शिविर

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला जेल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय के पैथोलाजिस्ट डॉ केएस कंवर एवं उनकी टीम ने रक्तदान करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की जांच की, तत्पश्चात सहायक जेल अधीक्षक ममता पटेल, शिक्षक वतन शर्मा सहित जेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने रक्तदान कर आमजनों को भी इसके लिए प्रेरित किया।

सहायक जेल अधीक्षक सुश्री पटेल ने बताया कि, रक्तदान महादान है, रक्तदान करने से किसी प्रकार की शारीरिक कमजोरी नहीं आती। शरीर 48 से 72 घंटे में रक्त की भरपाई कर लेता है। उन्होंने कहा कि यह बहुत सराहनीय पहल है, इस प्रकार के शिविर का आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए, जिससे जिला चिकित्सालय के माध्यम से जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल सके। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



# मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण, कफ सीरप की जांच

**मुंगेली।** जिले में संचालित मेडिकल एजेंसियों में कोल्ड्रीफ एवं डेक्स्ट्रोमेथॉर्फिन कफ सिरप की जांच की गई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक औषधि नियंत्रक ने बताया कि फार्मास्युटीकल कांचीपुरम तमिलनाडु द्वारा निर्मित औषधि कोल्ड्रीफ कफ सिरप एवं कायन्स फार्मा, जयपुर राजस्थान द्वारा निर्मित डेक्सट्रोमेथॉफिन कफ सिरप को अमानक स्तर का घोषित किया गया है।

इसी के तहत जिले के थोक औषधि विक्रेताओं एवं बच्चों के अस्पताल स्थित चिल्हर औषधि विक्रेताओं का औषधि कोल्ड्रीफ कफ सिरप के स्टॉक के संबंध में सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुंगेली स्थित थोक मेडिकल एजेंसी बरेला स्थित फर्म नथानी मेडिकल एजेंसी, अजय मेडिकल एवं जनरल स्टोर्स, मुंगेली सिटी के नरेन्द्र मेडिकल स्टोर्स, मीरा मेडिकल एजेंसी, प्रकाश मेडिकल एजेंसी, गीता एजेंसी एवं शिवम एजेंसी की जांच की गई। उक्त थोक विक्रेताओं के पास उल्लेखित औषधियों का संधारण प्राप्त नहीं हुआ। साथ ही बच्चों के अस्पताल स्थित औषधि विक्रेताओं आस्तिक मेडिकल स्टोर्स, एंजल मेडिकोज एवं यशोदा फार्मेसी का निरीक्षण कर 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए चिकित्सकीय परामर्श पर ही बच्चों हेतु कफ सिरप देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जांच हेतु अन्य निर्माता कंपनी के कफ सिरप का औषधीय नमूने का संग्रहण कर जांच हेतु रायपुर स्थित औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया, जिसके परिणाम प्राप्ति उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान औषधि निरीक्षक महेन्द्र देवांगन, किरण सिंह एवं नमूना सहायक नोहर सिंह खरे मौजूद रहे।



# बच्चों को टाई, बेल्ट का वितरण

**लोरमी।** ग्राम हड़गाव में बच्चों की पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ अनुशासन पर भी ध्यान दिया जाता है। एकरूपता की दृष्टि से सभी की पहचान और वेशभूषा एक जैसी हो यह बहुत जरूरी है। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला हड़गांव में मसना निवासी दशरथ कश्यप ने अपने बड़े भाई स्व अवधराम कश्यप की स्मृति में 'एक मुस्कान बच्चों के नाम' के तहत शाला के सभी बच्चों को टाई, बेल्ट एवं पेन वितरित किया। उक्त पहल का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा का प्रति प्रोत्साहित करना, और उन्हें पढ़ाई में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना रहा। साथ ही बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया गया और जीवन में शिक्षा के महत्व को विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर शिक्षक गुहाराम ध्रुव, रविन्द्र वैष्णव, शिवकुमार जायसवाल, जुगलकिशोर राजपूत, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक महेश कुमार मंडावी, श्रवण कुमार कुलमित्र, जलश सिंह ध्रुव एवं चंद्रेश ध्रुव मौजूद रहे।




**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित हो, कि मौजा सरगांव प.ह.नं.12, रा.नि.मं. व तहसील सरगांव, जिला-मुंगेली में खसरा नं. 2063/13 जिसका रकबा 1.020 हेक्टेयर भूमि स्थित है। जो राजस्व दस्तावेजों में रिजवान खान, पिता-अब्दुल हफीज़ निवासी सरगांव एवं जिला-मुंगेली (छ.ग.) के नाम पर भूमिस्वामी हक से दर्जशुदा भूमि है। एवं मौजा इसी में खसरा नं. 2063/9 जिसका रकबा 1.2140 हेक्टेयर भूमि स्थित है जो राजस्व दस्तावेजों में रिजवान खान, इमरान खान, इरफान खान, तीनों पिता-अब्दुल हफीज़ खान निवासी-सरगांव के नाम पर भूमि है। जिसे दोनों भूमि को मेरे आसामी संतोष बंसल पिता-स्व.रामेश्वर बंसल, निवासी -बिल्हा मोड़ हिर्री, तहसील बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा उपरोक्त उल्लेखित भूमि स्वामियों से क्रय किये जाने की पूर्ण बातचीत कर अग्रिम बयाना राशि अदा किया जा चुका है। तथा उक्त भूमि का पंजीयन यथाशीघ्र क्रेता द्वारा अपने पक्ष में निष्पादन करा लेगा।

यदि उक्त संव्यवहार में किसी भी व्यक्ति, संस्था या वित्तीय संस्थान को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज मेरे निम्न कार्यालय पर आपत्ति दर्ज कराकर पावती प्रदान करें। अन्यथा क्रेता के पक्ष में निष्पादित विक्रय पंजीयन के उपरांत की जाने वाली सभी उजर, दावा अथवा आपत्ति स्वयमेव शून्य होगी। सो सूचना जानें।

दिनांक 08/10/2025

कविता बंसल (अधिवक्ता)
बिल्हा मोड़, हिर्री, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.7987767853

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. /अ-2/2024-2025
मौजा-मस्तुरी, प.ह.न.-31,
तहसील - मस्तूरी, जिला-बिलासपुर छ.ग.

अजय अग्रवाल पिता एस.सी. अग्रवाल, निवासी लिंकरोड, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग....आवेदक/आवेदिका विरूद्ध छ.ग. शासन...अनावेदक

एतद् द्वारा मौजा मस्तुरी प.ह.न. 31, तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि, अजय अग्रवाल पिता एस.सी. अग्रवाल, निवासी ग्राम लिंक रोड तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा मौजा मस्तूरी प.ह.न. 31 तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 577/3, 577/4 रकबा क्रमशः 0.4090, 0.4090 हे. कुल रकबा 0.8180 हे./वर्गफीट को छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत औद्योगिक प्रयोजन (गोदाम हेतु) हेतु डायवर्सन कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 15.10.2025 को नियत है।

अत: तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते है। मियाद बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**:: आम सूचना ::**

बिक्री विलेख (Sale Deed) खो जाने की सूचना

प्रति,
सभी संबंधित/सार्वजनिक विज्ञापन हेतु

विषय:- हिंदुजा हाउसिंग फायनेंस के कस्टडी में रखे गए बिक्री विलेख के खो जाने के संबंध में सूचना

मैं अशिका अग्रवाल पद क्लस्टर लीगल मैनेजर अधिकृत अधिकारी-हिंदुजा हाउसिंग फायनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा-बिलासपुर (छ.ग.) सूचित करती हूं कि क्रेता का नाम एवं संपत्ति का विवरण :- कुमारी छाया दाभड़कर पिता श्री हरिभाउ निवासी चांटापारा बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.) की हक आधिपत्य व स्वामित्व की नजूल लीज की संपत्ति जिसका प्लाट नं 68/2 एवं 68/6 शीट नं-12, जिसका रकबा 704 वर्गफुट है, जो कि वाके मौजा चांटापारा, पं.ह.नं.-01, रा.नि.म. बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित है। यह कि, उक्त संपत्ति कुमारी छाया दाभड़कर, पिता श्री हरिभाउ दाभड़कर की दिनांक 21/01/2013 को पंजीकृत लीजहोल्ड संपत्ती थी, जिसका ग्रंथ क्रमांक-3563, पृष्ठ क्रमांक-95 से 98, दस्तावेज क्रमांक- 22165 है। यह कि, उक्त संपत्ति की संपूर्ण पंजीकृत मूल प्रति लोन प्रक्रिया के दौरान हिंदुजा हाउसिंग फायनेंस कंपनी के द्वारा अधिकृत अधिकारियों शाखा कार्यालय 79, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा दिनांक 31/05/2024 को कही खो गया है। जो कि बहुत खोजबीन के बाद भी प्राप्त नहीं हुआ है।

मैं यह स्पष्ट करती हू कि उक्त दस्तावेज मेरे/हमारे नियंत्रण में नहीं है और मैं/हमने इसे खोजने का प्रयास किया हैं परंतु दस्तावेज प्राप्त नहीं हुआ।

अतः मैं/हम यह घोषणा करते/करती हू कि उक्त दस्तावेज खो जाने के कारण

मैं/हम उस दस्तावेज के अनुसार कोई लेन-देन करने में असमर्थ हू/ होगें और कोई भी व्यक्ति/कंपनी जो इस खोए हुए दस्तावेज के आधार पर कोई दावे या लेन-देन करता/करती है, वह जोखिम पर करेगा/करेगी ।

यदि किसी संस्था/व्यक्ति उक्त दस्तावेज के बारें में कोई जानकारी हो तो कृपया तुरंत निम्निलिखित पते/संपर्क पर सूचित करें:

नोट: आवश्यक होने पर मैं/हम इस संबंध में थाने में शिकायत करवा/वा चूकी/चुका हॅ ।

मैं/हम अनुरोध करते/करती हू कि सार्वजनिक रूप से इस सुचना को स्वीकार कर लिया जाए और जो भी व्यक्ति/संस्था उक्त दस्तावेज के किसी भी प्रकार के उपयोग या हस्तांतरण के संदर्भ में कोई कार्रवाई करे, वह पहले मेरे/हमारे कार्यालय से संपर्क कर लेवें।

थाना :- बिलासपुर (छ.ग.)
दिनाकः- 07.10.2025

प्रेम टंडन (अधिवक्ता)
पताः शॉप नं 101, प्रथम तल, बेबीलॉन टॉवर, वी.आई.पी. चौक, रायपुर (छ.ग.),
मो. - 8770067092,
ई-मेल - premtondan3@gmail.com

**- : आम सूचना :-**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा मौजा तिफरा प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. व तहसील बिलासपुर में भारतीय नगर क्षेत्र में स्थिति आवासीय भूमि है जिसका खसरा नंबर 698/3 रकबा 1350 वर्गफूट वर्तमान राजस्व अभिलेखों में राधा बाई ध्रुव उम्र 56 वर्ष पति चैनसिंह ध्रुव निवासी टोनाटार जिला बलौदाबाजार छ.ग. के नाम पर दर्ज है जिसे मेरे पक्षकार कु. माधुरी नेताम उम्र 32 वर्ष पिता श्री राजकुमार नेताम निवासी ग्राम पनेका जिला राजनांदगांव छ.ग. के द्वारा पक्का सौदा कर ब्याना राशि दिया गया है एवं निकट भविष्य में रजिस्ट्री होनी है

अत: जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सूचना देवें अन्यथा बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

स्थान:- बिलासपुर
दिनांक:- 07.10.2025

भवदीय
(शारदा प्रसाद कश्यप)
अधिवक्ता वर्तमान पता सांई नगर गोपेश्वर धाम मंदिर रोड उस्लापुर वार्ड क्रं. 03. नगर निगम बिलासपुर छ.ग.
मो. 9424172794

**आम सूचना**

सर्व साधारण एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा मौजा ग्राम कोनी 1प.ह नं. 23 रा. नि. मं. कोनी तह व जिला बिलासपुर मे स्थित परिवर्तित भूमि जिसका खसरा न. 364/8 रकबा 0.0287 हे. है एवं जो कि सभी राजस्व प्रपत्रों मे किरण द्विवेदी पिता श्री रामधन द्विवेदी निवासी बिरकोना, बिलासपुर के नाम से दर्ज है। उपरोक्त भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है। जिसका निकट भविष्य मे शीघ्र रजिस्ट्री होना तय है। इस बाबत यदि किसी व्यक्ति / बैंक, संस्था, शासकीय / अर्धशासकीय निकाय या अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर समस्त दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। इसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।

भवदीय रमाशंकर साहू
पिता श्री नारायण प्रसाद साहू
पता- ग्राम भिलाई, तहसील पथरिया, जिला - मुंगेली छत्तीसगढ़
मोबाइल -+918770422811

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

--:: ईश्तहार ::--

कमांक क/वा/नजूल/2025
मुंगेली, दिनांक 24.09.2025

श्री रमेश जायसवाल पिता होरीलाल जायसवाल, निवासी मोहल्ला मल्हापारा शंकर यार्ड मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)...आवेदक
बनाम
छ.ग. शासन...........अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री रमेश जायसवाल पिता होरीलाल जायसवाल, निवासी मल्हापारा शंकर वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा मोहल्ला शंकर वार्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 39-ए. प्लाट नं. 217, क्षेत्रफल 155 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर आवेदक वैधानिक वारिसानों का नाम नजूल रिकार्ड में दर्ज किए जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 09.10.2025 को दिन के 03:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा। आज दिनांक 24.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि सोनू कौर अरोरा पति हरनाम सिंह अरोरा निवासी EWS - 85, वार्ड नं. 18 महाराणा प्रताप नगर, कोरबा तहसील व जिला कोरबा छ.ग. के हक व स्वामित्व की परिवर्तित भूमि मौजा घुरु गोकुल नगर, प.ह.नं. 61 रा.नि.मं. व तहसील सकरी जिला विलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 36/22 रकबा 0.0160 हे. (1800 व.फु.) भूमि को मेरे पक्षकार श्रीमती कलम बाई पति श्री संतराम अनंत मौजा सोनबंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर लिया गया है और अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान किये जा चुके है, जिसका पंजीयन जल्द ही करा लिया जायेगा।

अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था या निगम को कोई आपत्ति है तो दिनांक 16.10.2025 तक मेरे कार्यालय मे आपत्ति दर्ज करावे, निर्धारित समयावधि के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने।

भवदीय
नैनलाल साहू अधिवक्ता
पता रामनगर टिकरीपारा तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.9302416109

**Public Notice**

M/s Anand Milling a Partnership firm located at Purani Basti, Kargi Road, Kota, Bilaspur 495113 (C.G) and registered with the Registrar of Firms And Securities, Chhattisgarh (Registration No. 388/13-14) has amended its Partnership Deed by executing a Supplementary Partnership Deed dated September 25, 2025. The Key amendments is the addition of a Borrowing Clause, This notice is being published to ensure transparency as the firm had to re-file a previous amendment dated 01/04/2011 on the official online portal to overcome a technical limitation that currently prevents direct filling of clause amendments.

For and on behalf of the Firm
**M/s Anand Milling**
**Shri Ankit Agrawal**
(Partener)
Place: **Kota-Bilaspur (C.G.)**
Date: **07-10-2025**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक /क/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 16/09/2025

ग्राम सरकण्डा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम सरकण्डा, प.ह.नं. 32, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 422/41 रकबा 0.006 हेक्टेयर /एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती के लिए श्री गणेशचंद्र मिश्रा पिता /पति श्री लक्ष्मीप्रसाद मिश्रा निवासी क्वा.नं.102/10 धरमप्रकाश चाल वार्ड नं. 03, मुंगेली रोड, नियर शेफर स्कूल के पास, नेहरू नगर बिलासपुर तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 15/10/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 16/9/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, बोदरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार प्रकाशन**

क्रमांक /702/वा. तह.बोदरी/2023
बोदरी, दिनांक 19/09/2025

एदत् द्वारा ग्राम बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक फॉर्च्यून इंफ्रा सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टर पवन कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम बोदरी प.ह.नं. 01, म.नं.02, तहसील बोदरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 15000/1, 1/4, 1/5 रकबा क्रमशः- 15.70, 1.00, 1.32 कुल रकबा 18.02 एकड़ भूमि आपस में लगे होने का उल्लेख करते हुए खसरा एकीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/आम जनता को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभावक/अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/10/2025 तक कर सकता समयावधि पश्चात दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 19/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
बोदरी, जि.बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### लखराम में किया गया शस्त्र पूजन व पथसंचलन



**लखराम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से दशहरा पर्व पर उत्तर बिल्हा के ग्राम लखराम में शस्त्र पूजन व पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर संघ के प्रमुख पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ 200 स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता मिलन मंडली प्रमुख गोपी चंद्रा मौजूद रहे एवं अध्यक्षता गोवर्धन प्रसाद अनुरागी ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि महंत वाशुदास, शाखा पालक डॉ दीनदयाल यादव, खंड समाजिक सद्भाव शशिभूषण काछी, खंड कार्यवाह शत्रुहन कुंभकार आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष ने कहा कि, समाज में जागरूकता का संचार हो रहा है, यह पथ संचलन हिंदू समाज में आत्मविश्वास व जागरूकता को बढ़ाने का प्रतीक है। समाज को अपनी दिशा पहचानने की जरूरत है। स्वयंसेवकों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पथ संचलन में हिस्सा लिया।

### संघ के सदस्यों ने पथसंचलन कर किया ग्राम का भ्रमण



**लोरमी।** ग्राम गोंडखाम्ही मंडल में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संघ के स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश तथा अनुशासन के साथ भव्य पथ संचलन करते हुए पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया। ग्रामवासियों ने बड़े उत्साह के साथ पुष्पवर्षा और आतिशबाजी करके संचलन का स्वागत किया। संचलन के पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता करे रहे झरोखादास अनंत एवं उपस्थित अतिथि के द्वारा भारत माता, भगवाध्वज तथा शस्त्रों की पूजा अर्चना की गई। मुख्य वक्ता डॉ. विनोद तिवारी प्रसिद्ध अस्थिरोग विशेषज्ञ ने उद्बोधन में कहा विजयादशमी उत्सव मनाने का महत्व बताते हुए, संघ निर्माण का उद्देश्य, कार्य पद्धति तथा 100 वर्षों में संघ के कार्यों के विषय में जानकारी दी। साथ ही संघ शताब्दी वर्ष के पांच कार्यों जिनमें सामाजिक समरसता, स्व का भाव, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्यबोध एवं पर्यावरण संरक्षण शामिल है, के विषय में भी बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समस्त ग्रामवासियों ने पूर्ण सहयोग किया।

### गंज स्कूल में अंकेक्षण एवं न्योता भोज का आयोजन



**करगीरोड कोटा।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला गंज स्कूल में अंकेक्षण कार्यक्रम के साथ न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू एवं वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद पार्वती साहू विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही। न्योता भोज के दौरान बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसा गया, जिसे सभी ने बड़े आनंद से ग्रहण किया। अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू ने विद्यालय परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसे आयोजन बच्चों में सामूहिकता, अनुशासन और संस्कार विकसित करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकों ने किया। अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

### सेजेस पंधी में सामाजिक अंकेक्षण विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा



**लगरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पंधी में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया। सामाजिक अंकेक्षण में दल प्रभारी विद्या यादव व्याख्याता हाई स्कूल कौड़िया, सेवानिवृत्त शिक्षक श्रीकांत दीवान, ममता वस्त्रकर, जवाहर केंवट और ग्राम पंचायत पंधी के सरपंच वीरेंद्र साहू उपस्थित थे। दल की ओर से रूब्रिक्स के विभिन्न बिंदुओं पर छात्रों से प्रश्न व चर्चा की गई। अंकेक्षण के संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन शाला प्राचार्य संजय शर्मा ने किया।

राज्यपाल रमेन डेका ने ली अफसरों की बैठक

# स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण व पेयजल के क्षेत्र में विशेष ध्यान दें: राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला



अरपा सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेते राज्यपाल।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी ब्लॉक गौरेला में नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, पेयजल, आवास, नेट कनेक्टिविटी, आजीविका आदि क्षेत्रों में विशेष कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा सुविधा की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। महिलाओं की हीमोग्लोबीन, ब्रेस्ट कैंसर आदि की जांच तथा उपचार के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर लगाएं। टीबी उन्मूलन के लिए संपन्न परिवारों द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषित करें। साथ ही सामाजिक दायित्वों के तहत राईस मिल एसोसिएशन एवं अन्य निजी संस्थाओं को टीबी उन्मूलन के लिए प्रेरित करने कहा। उन्होंने कहा कि, शाला में प्रवेश लेने के बाद कोई भी बच्चा बीच में पढ़ाई नहीं छोड़ें, इसके लिए बच्चों और उनके अभिभावकों की बैठक लेकर उन्हें समझाएं, प्रोत्साहित करें और यदि कोई समस्या हो तो उसे ठीक करें। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए डाइजेशियन से बात करके स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पोषण आहार बच्चों के भोजन में शामिल करने कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में सास-बहू की बैठक लेकर बच्चों को पोषण आहार-सेरेलैक, साबुदाना आदि का सेवन कराने और बच्चों का अच्छे से लालन-पालन कराने कहा। उन्होंने महतारी वंदन की राशि का उपयोग पोषण आहार में करने एवं महिलाओं को बच्चों के पोषण के प्रति जागरूक करने कहा। राज्यपाल श्री डेका ने जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों एवं बसाहटों में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पहाड़ी एवं सुदूर क्षेत्रों में नेट कनेक्टिविटी एवं पीएम जनमन योजना के तहत आवास निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने बैगा जनजाति के जीविकोपार्जन के लिए उनके द्वारा संग्रहित लघु वनोपजों की खरीदी स्थानीय स्तर पर करने और उन्हें उचित लाभ दिलाने कहा। उन्होंने वर्षा जल संचयन एवं भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए सभी शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने और स्वच्छ पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों का नियमित रूप से भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने जिले की सामान्य जानकारी, पीएम जनमन योजना, बैगा जनजाति उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों आदि की जानकारी दी। बैठक में राज्यपाल के उप सचिव निधि साहू एवं डॉ रूपेन्द्र कवि, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, वनमंडल अधिकारी ग्रीष्मी चांद, जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, प्रभारी अपर कलेक्टर अमित बैक सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## श्री सिद्ध बाबा आश्रम में मनाई गई शरद पूर्णिमा



**बेलगहना।** श्री सिद्ध बाबा अद्वैत परमहंस आश्रम बेलगहना में उत्साह के साथ शरद पूर्णिमा मनाई गई। शरद पूर्णिमा की संध्या नवनिर्मित रामकुटी का लोकार्पण पूज्य स्वामी जी के कर कमलों से किया गया।

रामकुटी के लोकार्पण के सुअवसर में कोरबा से आई कर्मा नृत्य मंडलिओं ने अपनी नृत्य की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस शरद उत्सव कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग ने अपनी उपस्थिति दी। प्रथम हॉस्पिटल बिलासपुर के संचालक रजनीश पांडे ने आश्रम परिसर में स्वास्थ्य शिविर लगाया, जिसका हजारों की संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। उत्सव के मध्य रात्रि में दमा व श्वास के रोगियों के लिए दवाई युक्त खीर प्रसाद के रूप में वितरण की गई। इस दौरान इस एकदिवसीय रात्रिकालीन मेले एवं संगीत का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री सिद्ध बाबा प्रबंध समिति एवं सेवा समिति की ओर से आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने एडिसनल एसपी बिलासपुर अर्चना झा, कोटा एसडीओपी एवं बेलगहना चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। आयोजन की सफलता में रेलवे विभाग, विद्युत विभाग, जल विभाग एवं ग्राम पंचायत के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### शरद पूर्णिमा पर नगर में हुए विभिन्न आयोजन

दगोरी। शरद पूर्णिमा पर ग्राम के गांधी चौक पर भजन कीर्तन तथा कबीर चौक पर रामायण कथा आयोजन किया गया। अर्धरात्रि चंद्रदेव की दर्शन के बाद खीर प्रसाद का वितरण किया गया। गांधी चौक में दीप प्रज्वलन के साथ भगवान श्रीकृष्ण व भगवान श्रीराम की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कीर्तन भजन मंडलियों ने शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर ग्राम पटेल ज्वाला प्रसाद सन्नाट, राजकुमार, राधेश्याम कौशिक, हेमचंद्र गुरुजी, रमेश सन्नाट, दीपक सन्नाट, लालाराम संजीव सन्नाट, दीलेश कौशिक, पप्पू कौशिक, साहेब कौशिक, रामेश्वर ,ओंकार, मेलव राम कौशिक, श्यामसुंदर सन्नाट, पवन मानिकपुरी, सीताराम कौशिक, विश्राम दाश मानिकपुरी, रामकुमार, अर्जुन कौशिक, पुन्नीराम कौशिक, मनमीत, नमीत सन्नाट, तोलू, संतोष कौशिक, सचिन सन्नाट,सुधीर, करण, बालाराम कौशिक, बालाराम सन्नाट, रूखमणी, रूखमणी कौशिक, दीपक सन्नाट, मुन्ना कौशिक, जेठियाबाई, लालाराम कौशिक, सतीश कौशिक, हरिश्चंद्र कौशिक गुरुजी, रूखमणी, कावेरी, मीना, अंजली, पुराना बाई , सियाबाई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व ग्रामवासी उपस्थित थे।



### गौरी शंकर हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

करगीरोड कोटा। गौरी शंकर हनुमान मंदिर नाका चौक के पुजारी ने मंदिर में शरद पूर्णिमा पर विशेष पूजा-अर्चना की। पुजारी ने बताया कि, शरद पूर्णिमा को अमृत वर्षा का पर्व कहा जाता है। समुद्र मंथन के पश्चात माता लक्ष्मी, चन्द्रमा और अमृत संसार को प्राप्त हुए थे, इसीलिए आज लक्ष्मी पूजन किया जाता है एवं चन्द्र दर्शन किया जाता है। आज के दिन अमृत के प्रतीक रूप में खीर का सेवन किया जाता है। उन्होंने बताया कि, इस महीने की ओस से बच कर रहना चाहिए, अन्यथा बीमार पड़ने का भय रहता है। आज खीर बनाकर रात भर छत पर ओस में रखा जाता है और सुबह उसका सेवन किया जाता है ।



## कांग्रेसियों ने किया बिजली आफिस का घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर रतनपुर में व्याप्त विद्युत समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रतनपुर बिजली विभाग का घेराव कर प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेसियों ने शनिचरी चौक से पैदल मार्च कर नारेबाजी करते हुए बिजली विभाग के कार्यालय के पास पहुंचे एवं सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करने की मांग की। अपने ज्ञापन में कांग्रेसियों ने नगर की कई बड़ी समस्याओं से सहायक अभियंता को अवगत कराया, जिसमें प्रमुख रूप से वार्ड 7 एवं 10 ग्रामीण वार्ड को बेलतरा फीडर से हटाकर रतनपुर से जोड़ने, संभागीय कार्यालय रतनपुर में स्थापित करने, नगर में फ्यूज काल सेंटर बनाने जैसे कई प्रमुख मुद्दे शामिल हैं।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समन्वयक शीतल जायसवाल ने कहा कि, वर्तमान सरकार ने कांग्रेस शासन की महती बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया एवं प्रति यूनिट बिजली की दरों में वृद्धि कर दी। साथ ही बिजली कटौती की जा रही है, जिससे आम नागरिक त्रस्त है। प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से शीत जायसवाल, पार्षद पुष्पकांत कश्यप, पार्षद सुनील अग्रवाल, संतोष सोनी, कुलदीप दुबे, संजय जायसवाल, यासीन खान, योगेश राज, रामनिहोरा कमलसेन, रोकी अनुरागी, नीलिमा सिंह, आशा सूर्यवंशी, सुशीला, पूर्णिमा वैष्णव, अविनाश श्रीवास, प्रियांशु श्रीवास, आशीष केवट, दीना यादव, जितेंद्र चंदेल, गुहा कहरा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## केवटपारा शासकीय स्कूल में सामाजिक अंकेक्षण

**मल्हार।** शासकीय पूमा शाला केवटपारा एवं शासकीय प्राथमिक शाला में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत प्रश्नावली के माध्यम से सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इस मौके पर अधिकारी अमृतलाल मधुकर एवं सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक एसएन गुप्ता, अकत राम सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जतन कैवर्त्य, भारती तिवारी, प्रधान पाठक भूपेंद्र बनाफर, प्रधान पाठक जगदीश साहू तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थिति रहे। स्कूल के सहायक सामग्री सांकेतक लर्निंग आउटकम अनरलग्नक के माध्यम से उपस्थित सदस्यों ने अंकेक्षण किया। छात्र-छात्राओं से अध्ययन अध्यापन एवं पेयजल, मध्यान भोजन, पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई। इस अवसर पर शाला के शिक्षक मुरली मोहन यादव, सुयोग सिंह, महेंद्र कश्यप, महेंद्र सोनवानी, चित्रकांत सिंह, सुनीता साहू आदि मौजूद रहे।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने ली स्वदेशी अपनाने की शपथ



**लगरा।** भारत माता की सेवा और सम्मान के लिए यह संकल्प लेता हूं कि, अपने दैनिक जीवन में अधीकतम भातरीय उत्पादों का उपयोग करूंगा, और आयातित वस्तुओं की जगह देशी विकल्प अपनाऊंगा। यह शपथ मंगलवार को लगरा के महतारी सदन में प्रमुख व्यक्ता राजेन्द्र अग्रहरि ने बेलतरा के पूर्व मंडल भाजपा कार्यकर्ता को दिलाई।

कार्यशाला में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी पर भारत को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए लोकल फॉर वोकर अपनाने की आग्रह किया गया।कार्यक्रम को विजयधर दिवान, डॉ तिलकराम साहू, निखिल केषरवानी, अनमोल झा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शैलू गोरख ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन हरिओम कश्यप, सीता सिंह ठाकुर, पार्षद रेखा सूर्यवंशी, जय वाधवानी, प्रितेश सोनी, रानी शैलेश देवांगन, सरपंच जहुरा मुखी राम बिरजे, बच्चा साहू, शिवचरण साहू, रमेश कष्यप, रामगोपाल साहू, शत्रुहन साहू, भूपेन्द्र जायसवाल, प्रकाश कैवर्त्य, गुलशन साहू, ओमप्रकाष श्रीवास, मुखीराम बिरजे, रामप्रसाद पटेल, हितेष कैवर्त्य, गेन्दराम यादव, छबीराम पटेल, लक्ष्मीशंकर केवट, कुलदीप साहू, कमल पाण्डेय, किशोर यादव, केदार यादव, शांतनु धुरी, सुरेश राजपुत, षिव साहू, ईश्वर यादव, लाला कैवर्त्य राजू सोनकर, रमेश गुप्ता, नारद वर्मा, भूषण साहू, रामकुमार साहू, भागीरथी साव सहित बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### नदी में बहे 3 वर्षीय मासूम का शव बरामद

**मुंगेली।** पेंडाराकापा बगनीभंवर में रविवार को नहाते समय तेज बहाव में बह गए 3 वर्षीय सिद्धेश पटेल, का शव चंद्रगढ़ी क्षेत्र से बरामद किया गया। घटना के बाद एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम लगातार खोज में जुटी रही। तेज बारिश और नदी की गहराई के कारण खोज कार्य कठिन रहा, लेकिन टीम ने लगातार प्रयास जारी रखा। सिद्धेश का शव सोमवार को नदी किनारे मिला, जिसे परिजनों ने पहचान लिया। शव को जिला अस्पताल मुंगेली भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## डिप्टी सीएम की अनुसंशा पर 1 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



■ 19 ग्रामों में किए जाएंगे विभिन्न निर्माण कार्य

क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अनुसंशा पर क्षेत्र के 19 ग्रामों के विकास कार्यों के लिए करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष ने क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए डिप्टी सीएम अरूण साव के प्रस्ताव पर 19 कार्यों के लिए 1 करोड़ की राशि स्वीकृति दी है।

ग्राम बाघमार में दो स्थानों में पक्की नाली निर्माण के लिए 10 लाख, ग्राम दुमरहा में अहाता एवं सीसी रोड, महामाया मंदिर परिसर निर्माण के लिए 10 लाख, ढादीपारा में सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख, पेंड्रीतालाब सीसी रोड के लिए 5 लाख, करनकापा में पक्की नाली निर्माण के लिए 5 लाख, ग्राम बंशापुर में सीसी रोड के लिए 5 लाख, बैजलपुर में सीसी रोड 5 लाख, नवागांव सीसी सड़क निर्माण के लिए 5 लाख, कलमीडीह में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख, पथर्रा में सीसी रोड निर्माण के लिए पांच लाख, बरबसपुर में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख, जोतपुर में मुक्तिधाम प्रतिक्षालय एवं शेड निर्माण के लिए 5 लाख, राजपुर में सीसी रोड के लिए 5 लाख, गोरखपुर में सीसी सड़क कार्य के लिए 5 लाख, ग्राम में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख, सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख, सावंतपुर में सीसी रोड के लिए 5 लाख स्वीकृत हुए। क्षेत्र में उक्त कार्यों की स्वीकृति से हर्ष व्याप्त है।

कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

# योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



समय सीमा की बैठक लेते कलेक्टर।

जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आगामी कलेक्टर कांफ्रेंस के मद्देनजर विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कुपोषण, स्टंटिंग, वेस्टिंग एवं अंडरवेट बच्चों की स्थिति, आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति, महतारी वंदन योजना एवं मातृ वंदना योजना, कुपोषण आदि के संबंध में जानकारी लेकर लक्ष्य के अनुरूप बेहतर सुधार लाने निर्देशित किया। इस दौरान सखी वन स्टॉप सेंटर के संबंध में उचित जानकारी नहीं प्रदान करने पर डीपीओ एवं सीडीपीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने जिले में अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीबी मुक्त भारत अभियान, सिकल सेल स्क्रीनिंग, मलेरिया उन्मूलन, आयुष्मान भारत योजना और वय वंदन योजना की प्रगति की जानकारी ली, और बेहतर रैंक लाने निर्देश दिए। उन्होंने जीवनदीप समिति अंतर्गत निर्माण कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने शिक्षा विभाग अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रत्येक विद्यालय में पौधरोपण की पोर्टल प्रविष्टि सुनिश्चित करने के साथ ही स्वच्छ हरित विद्यालय योजना एवं अन्य शैक्षणिक मानकों में सुधार लाने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने फसल विविधीकरण, एग्रीस्टेक पंजीयन, ई-केवाईसी, फसल बीमा, रबी फसलों हेतु अल्पकालीन ऋण प्रोत्साहन आदि यायेजनाओं में प्रगति लाने तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की लंबित किस्तों के शीघ्र भुगतान के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पशुधन विकास विभाग के अंतर्गत गौधाम योजना, डेयरी सहकारी समितियों का गठन, तथा पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड स्वीकृति पर प्रगति लाने कहा। उन्होंने सभी विभागों को ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने निर्देशित किया। राजस्व विभाग को नामांतरण, फौती, डिजिटलाइजेशन एवं ई-कोर्ट संबंधी प्रकरणों में तेजी लाने कहा। इसी तरह उन्होंने पीएमजीएसवाय, पीएचई, पीडब्ल्यूडी, मत्स्य विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा की और लक्ष्य अनुरूप कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान पर कार्यशाला

**लोरमी।** आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर क्षेत्र के चारों मंडलों में आयोजित भाजपा की कार्यशाला का समापन हुआ। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के तहत जन जागरूकता के माध्यम से आमजन को स्वदेशी के लिए प्रेरित कर भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने में हम सब अपना अमूल्य योगदान दे सकते हैं। विश्व अर्थव्यवस्था में आज हमारा देश चौथे स्थान पर हैं, आने वाले समय में हम विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। आत्मनिर्भर भारत अभियान के जिला संयोजक रवि शर्मा ने विस्तृत जानकारी दिया। मंच संचालन मंडल अध्यक्ष सुशील यादव ने किया एवं आभार माधन तिवारी ने जताया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, पूर्व नप अध्यक्ष अंजना देवी दास, कोमल गिरी गोस्वामी, गुरमीत सलूजा, महाजन जयसवाल, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, दिनेश कश्यप, लेखराज सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह अनीता साहू, अशोक जायसवाल, राजेंद्र साहू, महेंद्र खत्री, राजेंद्र सलूजा, महामंत्री संदीप सोनी, सावित्रि राजपूत, जवाहर दिवाकर, हीरा साहू, जीवन साहू, मदन चंद्राकर, शिवशंकर यादव, अर्जुन राजपूत, दुर्गेश तिवारी, रामावतार राजपूत, रामायण राजपूत, अशोक शर्मा, गणेश साहू, मुकुल तिवारी, खदानंद कश्यप, विकास केशरवानी, नारद जयसवाल, गुड्डी खत्री, रेखा ठाकुर, अनीता साहू, गणेश जयसवाल, मनोहर अहिरवार, चंद्रमणि साहू, घनश्याम खत्री, लक्ष्मण यादव, राकेश गुप्ता, सुरेश श्रीवास, पवन गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, रघुवीर साहू, देवेंद्र विश्वकर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, विवेक सिंद्राम, कमलेश श्रीवास, ललित सिंह, उमेश लुनिया, हरिकिशन खत्री, रामनिवास, विजय राजपूत, पुरुषोत्तम सिंह दिलीप साहू, नारायण जायसवाल, पूर्णिमा अहिरवार, रंजिता भास्कर, राजेश महारा, सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### आनलाइन घूस लेने वाला जेलप्रहरी निलंबित

**बिलासपुर।** जेल अधीक्षक ने चिट्ठी पहुंचाने के एवज में आनलाइन 200 रुपए घूस लेने वाले जेलप्रहरी को निलंबित कर दिया है। ज्ञात हो कि केन्द्रीय जेल में पदस्थ जेलप्रहरी समीर रौतिया ने चकरभाठा निवासी गुड्डू उर्फ राम आर्या के फोन पे से 200 रुपए भेजा गया था। उक्त रकम जेल अंदर उसके परिचित हवालाती को अनुचित सुविधा देने के बदले उसे दी गई थी। हवालाती राहुल नामदेव के पत्र पर जेल अधीक्षक के द्वारा जांच कराई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर जेलप्रहरी समीर रौतिया के खिलाफ जुर्म दर्ज कराया गया। पुलिस ने जेलप्रहरी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया था। जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने बताया कि जेल प्रहरी रौतिया को निलंबित कर दिया गया है। रिपोर्ट जेल डीजी को भेजी जाएगी।

### मारपीट से पिता की मौत, बेटा गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बीती रात नशे में होटल चलाने के विवाद में बेटे ने पिता की जमकर पिटाई कर दी। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, काठाकोनी निवासी हरप्रसाद यादव पिता तिहारू यादव 50 साल झोपड़ी में होटल चलाते थे। सोमवार की रात होटल में हरप्रसाद व उसका बेटा राजेश यादव उर्फ तिल्ली 26 साल शराब पीए। नशे में दोनों के बीच होटल चलाने को लेकर विवाद हो गया। इस पर आवेश में आकर राजेश यादव ने अपने पिता के साथ जमकर मारपीट कर जमीन में गिरा दिया। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई।

### जहर खाने से पीड़ित का दूसरे दिन बयान दर्ज

**बिलासपुर।** सीपत पुलिस के द्वारा शराब पीकर गाड़ी चलाने का मामला बनाकर 50 हजार रुपए की मांग करने पर एनटीपीसीकर्मी ने जहर खाकर खुदकुशी करने की कोशिश की थी। दूसरे दिन रात में एडिशनल एसपी ने अपोलो हास्पिटल जाकर पीड़ित का बयान दर्ज किया है। वहीं वसूलीबाज पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञात हो कि सोमवार को सीपत एनटीपीसी उज्जवलनगर निवासी रामेश्वरी मंजारे ने एसएसपी से शिकायत करते हुए कहा उनके पति एनटीपीसीकर्मी धीरेन्द्र मंजारे 35 साल 5 अक्टूबर को सीपत शराब दुकान से शराब लेकर खड़े थे। उसी समय सीपत पुलिस उन्हें पकड़कर थाने ले गई और शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप लगाते कार्रवाई नहीं करने के एवज में 50 हजार रुपए की मांग की गई। इससे उनके पति अत्यधिक तनाव में आकर जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। उनका इलाज अपोलो हास्पिटल में चल रहा है। दूसरे दिन रात में एडिशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल सरकण्डा पुलिस को लेकर अपोलो हास्पिटल गए और पीड़ित एनटीपीसी कर्मी से पूछताछ कर बयान दर्ज किया गया है।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन मे डेवलपमेंट का कार्य चल रहा

# उसलापुर रेलवे स्टेशनः उद्घाटन को कुछ दिन बाकी, काम अब तक अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




अमृत भारत योजना में शामिल होने के बाद उसलापुर रेलवे स्टेशन को डेवलपमेंट का कार्य शुरु कर दिया गया है। इसका कार्य बैलगाड़ी की गति से भी धीमा चल रहा है। आदर्श रेलवे स्टेशन की ओपनिंग अक्टूबर माह के अंत तक करने का निर्णय लिया गया है, लेकिन यहां चल रहे काम को अब तक पूरा नहीं किया गया है।

बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल करते हुए विकसित करने का काम किया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान में रेलवे स्टेशन के बाहर की दीवार के सामने एसीपी प्लाई लगाकर आकर्षक लाइटें लगाने के अलावा प्लेटफार्म नम्बर एक पर पुराने टाइल्स को उखाड़कर नई टाइल्स लगाने, स्टेशन के सामने छोटा सा गार्डन, कार की नई पार्किंग, मुख्य गेट की लंबाई और चौड़ाई बढाने का काम करीब-करीब पूरा कर दिया गया है। इन सबके बावजूद रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं का काफी अभाव है, जिसके कारण यात्री काफी परेशान भी हो रहे हैं। रेल मंडल के अधिकारियों ने निरीक्षण करने के दौरान अक्टूबर माह में देश के दूसरे रेलवे स्टेशन के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे उसलापुर स्टेशन की भी ओपनिंग का आदेश मिलने के उपरांत जल्द काम पूरा करने आदेशित किया था। इस आदेश के बाद भी किसी पर कोई असर नहीं पड़ा है। प्लेटफार्म नम्बर एक पर मुख्य गेट के बायीं ओर बने सेकेंड क्लास वेटिंग हॉल, कटनी की ओर महिला यात्रियों के लिए बनाई गई अक्षिता, पार्सल कार्यालय, नया पे एंड यूस टायलेट व अन्य कार्य अधूरे पड़े हुए हैं।

#### काम जल्द होंगे पूरे

उसलापुर रेलवे स्टेशन को यात्रियों की सुविधा के लिए विकसित करने का काम अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है। अक्टूबर माह के अंत तक इसकी ओपनिंग की जानी है। यहां जो भी कार्य अब तक पूरे नहीं हो सके हैं, उसे ओपनिंग के पहले पूरा कर लिया जाएगा।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर

#### यह कार्य भी अधूरे

- प्लेटफार्म नम्बर एक बिलासपुर छोर पर स्थित टायलेट का रिनोवेशन कार्य।
- बीबीएस टायलेट के सामने फर्श लगाने का कार्य।
- पार्सल कार्यालय का कार्य।
- 6 वाटर स्टीव बूथ का इंस्टालेशन कार्य।
- प्लेटफार्म नम्बर एक के अक्षिता और आरपीएफ कार्यालय के सामने की दीवार के मरम्मत।
- वाटर बूथ को शिफ्ट करने का कार्य।
- बुकिंग कार्यालय के वाटर बूथ लगाने का कार्य।
- प्लेटफार्म नम्बर एक पर महिला/ पुरुष के लिए द्वितीय श्रेणी प्रतिक्षालय का कार्य अधूरा।
- तीनों प्लेटफार्म के सभी वाटर बूथों के प्लेटफार्म में आवश्यक मरम्मत कार्य।
- प्लेटफार्म 2-3 पर वाटर कूलर लगाने का कार्य।

# बाइक सवार को बेलगाम कोयला लोड ट्रेलर ने कुचला, चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मृतक।

बीती रात मोबाइल में मैप देखकर जा रहे बाइक सवार युवक को एनटीपीसी गेट के पास सामने से आ रहे कोयले से भरे ट्रेलर के चालक ने कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने उसके जेब से मोबाइल निकाला तो मैप चालू था। शव उठाकर मरच्यूरी में रखवाने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर पुलिस थाने में जमकर हंगामा मचाया।

सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, गतौरा निवासी खिलेश चंद्राकर पिता संतुराम चंद्राकर 18 साल घर से बाइक से कोटमीसोनार जाने निकला था। रात में वह सीपत की ओर मोबाइल में मैप देखते घर लौट रहा था। रात 8.45 बजे एनटीपीसी गेट के पास पहुंचा इसी दौरान बलौदा की ओर से कोयला लेकर आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएच, 3957 के चालक ने तेज गति से वाहन चलाते हुए उसे चपेट में ले लिया। जिससे खिलेश चंद्राकर मौके पर ही मौत हो गई।



सड़क पर बाइक रखकर चक्काजाम करते लोग।

### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

मौत की खबर से बड़ी संख्या में गतौरा से परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजन के आए बिना शव उठाने को लेकर भीड़ पुलिस पर भड़क गई और एनटीपीसी गेट के पास चक्काजाम कर दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। इधर लोगों ने सीपत थाने में घुसकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा मचाना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही सीएसपी निमितेश सिंह परिहार अतिरिक्त बल के साथ सीपत पहुंच गए। इसके बाद ग्रामीण मुआवजा राशि की मांग करने लगे। रात 1 बजे राजेन्द्र चंद्राकर की रिपोर्ट पर ट्रेलर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज किया गया। उसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया।

हादसे के बाद ट्रेलर छोड़कर चालक भाग गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक क्षतविक्षत हालत में पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया। करीब 20 मिनट बाद उसके मोबाइल में फोन आया तब उसकी पहचान हो पाई।

# हथकड़ी निकालकर भागा लूट का आरोपी गिरफ्तार

## थाना में मचा हड़कंप, पुलिसकर्मियों का छूटा पसीना, मशक्कत के बाद दूसरे दिन पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोमवार की रात 8.30 बजे चहल पहल के बीच तारबाहर थाने से पकड़ा गया चाकू मारकर लूट का आरोपी पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में हथकड़ी से हाथ खोलकर आसानी से भाग गया और पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी। काफी मशक्कत के बाद दूसरे दिन फरार आरोपी के पकड़े जाने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है।

ज्ञात हो कि दयालबंद नारियण कोठी निवासी अंकित श्रीवास पिता दिलीप श्रीवास पुराना बस स्टैण्ड स्थित सेलून में काम करने के बाद 5 अक्टूबर की रात 12.10 बजे वह तारबाहर पेट्रोल पंप में अपनी बाइक में पेट्रोल भराकर जेब से 9 हजार रुपए निकालकर पैसा दिया। इसी दौरान दो लड़के पीछे से आए हाथ में पैसा देखकर कालर पकड़कर उसे पेट्रोल पंप के बगल गली में लेकर गए। जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चाकू से बाई जांघ में हमलाकर 9 हजार रुपए लूटकर भाग गए थे। पुलिस ने



- ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की नहीं पड़ी नजर
- तारबाहर थाने का मामला

अंकित श्रीवास की रिपोर्ट पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 309, 6, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया। 6 अक्टूबर को टिकरापारा ममता टेंट हाउस गली निवासी राज यादव पिता स्व. गणेश यादव व एक नाबालिग को पकड़ लिया। राज यादव को हथकड़ी लगाकर बंदी गृह के बाहर बैठाकर रखा गया था। उस दौरान एएसआई संजय शर्मा का दिवस अधिकारी, मुंशी सरजूराम, मददगार विरेन्द्र आर्मो ड्यूटी पर तैनात थे।

रात 8.30 बजे आरोपी राज यादव चालाकी से हथकड़ी से हाथ खोलकर चहल पहल व पुलिसकर्मियों के बीच थाने से बाहर निकलकर आसानी से भाग गया। कुछ देर बाद ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की नजर गई तो केवल हथकड़ी थी और आरोपी भाग निकला था जिससे थाने में हड़कंप मच गया और पुलिसकर्मियों के पसीना छूट गया।

आनन फानन में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी फरार आरोपी के तलाश में जुट गए थे। काफी मशक्कत के बाद दूसरे दिन दोपहर में पुलिस को फरार आरोपी राज यादव को पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस ने मामले में नाबालिग सहित दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### डेढ़ माह पहले कोनी थाने से भागा था दुष्कर्म का आरोपी

14 अगस्त की रात दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का आरोपी मोपका गार्डन सिटी निवासी स्वरित सिंह पिता कमलेश्वर सिंह 20 साल कोनी थाना से हथकड़ी से हाथ खोलकर भाग गया था। उक्त मामले में आरक्षक रविशंकर जगत व प्रदीप पाव को सस्पेंड कर दिया था।

### हथकड़ी से हाथ निकालकर भागा


युवक पर चाकू से हमलाकर लूट के मामले में नाबालिग व एक युवक को पकड़ा गया था। युवक हथकड़ी से हाथ निकालकर थाने से भाग गया था। पतासाजी कर फरार युवक को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

-निमितेश सिंह परिहार,
सीएसपी

बिजली से रौशन हो रहा पूरा कलेक्टोरेट परिसर

# खुद का बिगड़ा सोलर पैनल नहीं सुधार पाया प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला खनिज विभाग की छत पर लगा सोलर पैनल सालों से खराब है, जिसका आज दिनांक तक सुधार नहीं हो सका है।

- खनिज विभाग में लगा सोलर पैनल सालों से खराब

इसके विपरीत जिला प्रशासन जिले के लोगों को प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगवाकर मुफ्त बिजली लेने की प्रेरणा दे रहा है। जबकि कलेक्टोरेट परिसर स्थित सारे कार्यालय खुद विद्युत मंडल की बिजली से रौशन हो रहे है।

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत सोलर संयंत्र लगवाने और मुफ्त या न्यूनतम दर पर बिजली पाने आम जनता को प्रेरणा देने वाला जिला प्रशासन खुद ही विद्युत मंडल से प्राप्त बिजली से रौशन हो रहा है। हैरत की बात यह है कि कलेक्टोरेट परिसर में लगा सोलर पैनल विगत लंबे समय से बिगड़ा है, जिसके सुधार की सुध किसी को नहीं है। यहां खनिज विभाग की छत पर सोलर पैनल स्थापित है, जहां से कभी बिजली उपलब्ध होती थी। कलेक्टोरेट में पदस्थ सूत्रों के अनुसार यह सोलर पैनल लंबे समय से खराब है, जिससे फिलहाल कोई बिजली प्राप्त नहीं हो रही है। विभाग द्वारा इसके सुधार के लिए भी कोई प्रयास नहीं किए गए हैं, बल्कि बिजली का ही इस्तेमाल करके अपना काम चलाया जा रहा है।

### पता करवाकर ही जानकारी दी जा सकेगी

हां, छत में सोलर पैनल लगा तो है, लेकिन इससे पॉवर सप्लाई मिल रही है या नहीं ये नहीं पता। पता करवाकर ही जानकारी दी जा सकेगी।

-किशोर कुमार गोलघाटे
उपसंचालक खनिज विभाग

### मंथन सभाकक्ष संचालित करने का खोखला दावा

कलेक्टोरेट परिसर में बनाए गए मंथन सभाकक्ष का उद्घाटन 14 अप्रैल 2010 को किया गया था। इस कक्ष को न केवल सौर ऊर्जा संचालित कक्ष कहा गया, बल्कि शिलालेख पर इसका उल्लेख भी किया गया। सच्चाई यह है कि यह कक्ष पूरी तरह बिजली से संचालित हो रहा है। बिजली बंद होने की स्थिति में यहां इनवर्टर से पावर सप्लाई दी जाती है। इतना ही नहीं, बल्कि किसी वीआईपी द्वारा मीटिंग लेने के दौरान इमरजेंसी में जनरेटर से भी पावर सप्लाई की व्यवस्था है।

# देवरी पिकनिक स्पॉट पर बही युवती का चौथे दिन मिला शव

**बिलासपुर।** देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट में हसदेव नदी के तेज बहाव में बही युवती की लाश चौथे दिन पीथमपुर के आगे मिली। घटना शनिवार को हुई थी। इसके बाद दूसरे और तीसरे दिन सर्चिंग टीम ने एक-एक करके दोनों युवकों की लाश निकाली थी।



गौरतलब है कि शनिवार 4 अक्टूबर को बिलासपुर से दो युवक और दो युवतियों के साथ अकलतरा के अर्जुनी निवासी एक युवक पंतोरा चौकी अंतर्गत देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट पर घुमने आए थे। इस दौरान शाम करीब 5 बजे नदी में नहाते वक्त तेज बहाव में पांचों बह गए। बताया जाता है कि नदी के बहाव में बहते हुए अर्जुनी निवासी लक्ष्मीशंकर किसी तरह अपने आप को संभाल लिया और वह मोनिका सिन्हा को भी बाहर निकालने में सफल रहा, जबकि बिलासपुर निवासी स्वर्णरेखा ठाकुर, अंकुर कुशवाहा और आशीष भोई नदी के तेज बहाव में बह गए। ऐसे में लक्ष्मीशंकर और मोनिका बस्ती की ओर गए और लोगों को इसकी जानकारी दी फिर पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही पंतोरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और रात में ही खोजबीन शुरू की गई। दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम पहुंची और मोटरबोट तथा ड्रोन कैमरे की मदद से खोजबीन शुरू की गई। दूसरे दिन रविवार को दोपहर के करीब 2 बजे घटना स्थल से 15 किमी दूर कुदरी में एक युवक की लाश मिली। जिसकी पहचान अंकुर कुशवाहा के रूप में की गई।

तीसरे दिन सर्चिंग टीम सुबह से डटी रही और दोपहर बाद दूसरे युवक आशीष भोई की लाश मिली। इसके बाद स्वर्णरेखा की तलाश चौथे दिन भी जारी रही। मोटरबोट और ड्रोन कैमरे के साथ सर्चिंग टीम पीथमपुर के आगे पहुंची, जहां एक युवती का शव मिला। उसकी पहचान स्वर्णरेखा के रूप में हुई है। पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दी। तत्पश्चात पंचनामा की कार्रवाई की गई। एएसपी उमेश कश्यप ने पिकनिक या नहाने के दौरान नदियों में उतरते समय सावधानी बरतने की बात कही है।

### चेचई डेम में बहे युवक की लोफंदी नदी में मिली लाश

**बिलासपुर।** दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया युवक चेचई डेम में बह गया था। तीसरे दिन उनकी लाश लोफंदी नदी में मिली है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।



कुदूदण्ड मिलन चौक निवासी आकाश पटेल पिता सुरेश पटेल 23 साल 8 अक्टूबर को चार पांच दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने कोटा क्षेत्र के चेचई डेम गए थे। शाम 6 बजे सभी दोस्तों डेम में नहाते हुए फोटो खींचा रहे थे।

इसी दौरान आकाश पटेल नहाते हुए दूर चला गया और तेज पानी के बहाव की चपेट में आकर बह गया था। दो दिन तक एसडीआरएफ की टीम डेम में युवक की तलाश कर रहे थे। किन्तु सफलता नहीं मिल पा रही थी। मंगलवार को आकाश पटेल की लोफंदी अरपा नदी में लाश मिल गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

# पार्सल का दलाल दो साल के लिए ब्लैक लिस्टेड

**बिलासपुर।** हावड़ा से शिरडी के बीच चलने वाली एक्सप्रेस के एसएलआर में चार के स्थान पर 9 टन पार्सल भर दिया गया।

इस मामले में जांच के बाद बिलासपुर के पार्सल सुपरवाइजर सहित दो अन्य कर्मचारियों को मेजर चार्जशीट इश्यू करने के बाद अब पार्सल के दलाल परमानंद रोहरा को 2 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। 12 सितम्बर को हावड़ा से शिरडी जाने वाली एक्सप्रेस के एसएलआर कोच में चार टन की जगह नौ टन माल लोडिंग कर दी गई। इस माल को ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन में पहुंचने के बाद एक लीज होल्डर ने उतारा, जबकि यह पार्सल कोलकाता में उतर जाना था लेकिन ओवरलोड की सूचना मिलने के बाद जांच होने के संदेह पर एडिलाजिस्टिक कंपनी हावड़ा ने सामान नहीं उतारा। यह पार्सल दिल्ली से कोलकाता के लिए बुकिंग किया गया था। मामले की जानकारी तब मिली, जब यह ट्रेन बिलासपुर स्टेशन पहुंची। 9 टन में पांच टन पार्सल को जोन की विजिलेंस टीम ने जब्त कर लिया। चार टन माल शिरडी चला गया। यह जानकारी नहीं मिल सकी कि जब पार्सल बोगी में दिल्ली से कोलकाता के लिए पार्सल की बुकिंग की गई थी, तो सामान बिलासपुर कैसे पहुंच गया। इसकी पूरे रास्ते में कहीं भी जांच नहीं की गई। सूचना मिलते ही जोन की विजिलेंस टीम ने तत्काल बिलासपुर स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पहुंचकर पांच टन माल को जब्त करने के उपरांत जानकारी बिलासपुर रेल मंडल के अधिकारियों को दी। छानबीन और रिपोर्ट के आधार पर बिलासपुर रेल मंडल के कामर्शियल विभाग ने हावड़ा की कंपनी पर चार लाख का जुर्माना किया था। इस मामले में बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पार्सल सुपरवाइजर आरएस यादव और दो अन्य कर्मचारियों को मेजर चार्जशीट इश्यू करने के उपरांत पार्सल के दलाल परमानंद रोहरा को दो साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है।

- हावड़ा-एक्सप्रेस के एसएलआर में चार की जगह 9 टन का पार्सल मामला

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# सीएमपीडीआई ने बकाया सवा दो करोड़ का संपत्तिकर जमा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शत प्रतिशत राजस्व वसूली में जुटे नगर निगम को बड़ी सफलता मिली है। पिछले 6 साल के बकाया संपत्तिकर का 2 करोड़ 20 लाख रुपए का भुगतान सीएमपीडीआई द्वारा किया गया है।

- निगम कमिश्नर से मुलाकात कर जमा किया गया टैक्स

दरअसल निगम कमिश्नर के निर्देश पर नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है,जिसके तारतम्य में सीएमपीडीआई से समन्वय स्थापित कर संपत्ति कर की वसूली की गई है। सीएमपीडीआई द्वारा 2019-20 से 2025-2026 तक का 2 करोड़ 20 लाख रुपए का संपत्ति कर जमा किया गया है। विदित है कि 2019 से पूर्व सीएमपीडीआई कालोनी का क्षेत्र निगम सीमा के बाहर था, निगम के सीमा विस्तार के बाद सीएमपीडीआई कालोनी निगम सीमा में शामिल हो गया और जिसके बाद से संपत्ति कर बकाया था।



मंगलवार को निगम कमिश्नर अमित कुमार से मिलकर सीएमपीडीआई के प्रशासन एचओडी आलोक श्रीवास्तव और सिविल एचओडी निखिल आर ने चेक के माध्यम से संपत्ति कर का भुगतान किया इस अवसर पर निगम के राजस्व अधिकारी मनीष पात्रे भी मौजूद थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411